वर्ष 24, अंक 155, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज रविवार 14 दिसंबर 2025 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट



## सीएक्यूएम ने लगाया ग्रैप 4

# गंभीर स्थिति में पहुंची दिल्ली की वायु गुणवत्ता

**नई दिल्ली**

**बिगड़ती** वायु गुणवत्ता और बढ़ते प्रदूषण के रुझान को देखते हुए, वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) की श्रेणीबद्ध प्रतिक्रिया कार्य योजना (जीआरएपी) पर उप-समिति ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में तत्काल प्रभाव से योजना के चौथे चरण के तहत सभी उपायों को लागू करने का निर्णय लिया है। जीआरएपी का चौथा चरण, जिसे 'गंभीर+' वायु गुणवत्ता श्रेणी में रखा गया है, तब लागू होता है जब दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 450 के पार हो जाता है। यह नवीनतम निर्णय इस चिंता के बीच आया है कि यदि सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो प्रदूषण का स्तर और भी बिगड़ सकता है। इससे पहले वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने दिल्ली-एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) में ह्यचरणबद्ध प्रतक्रिया कार्य योजनाह्ल (ग्रैप) के तीसरे चरण के तहत सख्त प्रतिबंध शनिवार को लागू किए थे, जिनमें पांचवी कक्षा तक के विद्यालयों में पढ़ाई ह्यहाइब्रिड मोडह्ल में कराया जाना और निर्माण एवं विध्वंस कार्यों पर प्रतिबंध लगाया जाना शामिल हैं। आयोग ने यह कदम मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों के बीच प्रदूषण स्तर में काफी बढ़ोतरी होने के बीच उठाया है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने एक बयान में कहा कि राष्ट्रीय राजधानी का 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 349 था, लेकिन हवा की धीमी गति, स्थिर वातावरण, मौसम संबंधी प्रतिकूल स्थितियों और प्रदूषकों के फैलाव की कमी के कारण यह शनिवार सुबह 10 बजे तक बढ़कर 401 हो गया।



इसमें कहा गया है कि वायु गुणवत्ता की मौजूदा स्थिति को देखते हुए तथा क्षेत्र में स्थिति को और बिगड़ने से रोकने के लिए सीएक्यूएम ग्रैप उप-समिति ने फैसला किया है कि वायु गुणवत्ता के गंभीर स्तर को देखते हुए ग्रैप के तीसरे चरण के उपाय तत्काल प्रभाव से लागू किए जाएं। बयान में कहा गया है कि ये राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में पहले से ही लागू ग्रैप के पहले एवं दूसरे चरण के तहत लागू उपायों के अतिरिक्त हैं। तीसरे चरण के प्रतिबंधों में गैर-जरूरी निर्माण, विध्वंस कार्य, पत्थर तोड़ने और खनन गतिविधियों पर रोक शामिल है। दिल्ली, गुरुग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद और गौतमबुद्धनगर में बीएस तीन के पेट्रोल संचालित और बीएस चार के डीजल संचालित चार पहिया वाहनों पर भी प्रतिबंध लागू किया गया है।

## UP BJP अध्यक्ष पद के लिए पंकज चौधरी ने दाखिल किया नामांकन

## आज होगा औपचारिक ऐलान

**उत्तर प्रदेश**

**केंद्रीय** वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने शनिवार को उत्तर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया और ऐसा करने वाले वे एकमात्र उम्मीदवार थे। राज्य अध्यक्ष की औपचारिक घोषणा केंद्रीय चुनाव अधिकारी और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल द्वारा रविवार को की जाएगी। चौधरी ने लखनऊ स्थित अपने कार्यालय में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक तथा जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह की उपस्थिति में पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा राज्य चुनाव अधिकारी महेंद्र नाथ पांडे और केंद्रीय चुनाव पर्यवेक्षक विनोद तावड़े को नामांकन पत्र सौंपे। पंकज चौधरी के लिए प्रस्ताव रखने वालों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक, स्मृति ईरानी, ??स्वतंत्र देव सिंह, सूर्य प्रताप शाही, सुरेश खन्ना और बेबी रानी मौर्य शामिल हैं। उत्तर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पद के लिए एकमात्र नामांकन दाखिल करने के बाद चौधरी ने कहा, "नामांकन दाखिल कर दिया गया है। जांच चल रही है। कल जब घोषणा होगी, तब कुछ और कहा जा सकेगा... कोई पद छोटा या बड़ा नहीं होता। पार्टी कार्यकर्ता के रूप में हमें जो भी जिम्मेदारी सौंपी जाती है, हम उसे पूरी निष्ठा से निभाते हैं...।" पीयूष गोयल ने कहा कि नामांकन पत्रों की जांच प्रक्रिया अभी पूरी हुई है। बाकी की प्रक्रिया कल दोपहर को होगी। आगे की योजना उस समय घोषित की जाएगी। उत्तर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष चुनाव पर मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा, "पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव संपन्न हो चुका है। केवल एक उम्मीदवार ने नामांकन दाखिल किया है। नामांकन पत्रों की जांच चल रही है और आधिकारिक घोषणा कल की जाएगी। हम पंकज चौधरी के पक्ष में थे। जिला टीमों, विधायकों, एमएलसी, सांसदों, माननीय मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और अन्य वरिष्ठ नेताओं सहित कई लोग उपस्थित थे और उन्होंने इस प्रस्ताव का समर्थन किया।"



महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र से सात बार सांसद रहे चौधरी कुर्मी समुदाय से आते हैं, जिसे अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) में वर्गीकृत किया गया है। उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का विश्वसनीय सहयोगी माना जाता है। उत्तर प्रदेश में ओबीसी समुदाय में कुर्मी समुदाय का काफी दबदबा है और 2024 के लोकसभा और 2022 के विधानसभा चुनावों में उन्होंने राज्य की प्रमुख विपक्षी पार्टी समाजवादी पार्टी के प्रति अपना झुकाव दिखाया था।

## पवन सिंह को लॉरेंस बिश्नोई ने धमकी नहीं दी

**नई दिल्ली**

लॉरेंस बिश्नोई गिरोह ने पवन सिंह को धमकी देने से इनकार किया है। यह घटना भोजपुरी स्टार पवन सिंह के उस आरोप के कुछ दिनों बाद सामने आई है जिसमें उन्होंने कहा था

कि गिरोह के सदस्यों ने उन्हें अभिनेता सलमान खान के साथ मंच साझा करने के खिलाफ चेतावनी दी थी। हरि बॉक्सर नामक गैंगस्टर का बताया जा रहा एक ऑडियो क्लिप सामने आया है जिसमें वह दावा कर रहा है कि सिंह ने बिना किसी धमकी के पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी।

## 900 करोड़ का फंसा पेंच!

### इंडिगो ने खटखटाया दिल्ली HC का दरवाजा, जस्टिस जैन ने सुनवाई से खुद को किया अलग



**नई दिल्ली**

**इंडिगो** एयरलाइन का संचालन करने वाली इंटरग्लोब एविएशन ने शुक्रवार को दिल्ली उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर विदेशी मरम्मत के बाद भारत में पुनः आयात किए गए विमान इंजनों और पुर्जों पर सीमा शुल्क के रूप में भुगतान किए गए 900 करोड़ रुपये से अधिक की राशि की वापसी की मांग की। यह याचिका न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह और न्यायमूर्ति शैल जैन की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आई। हालांकि, न्यायमूर्ति जैन ने मामले की सुनवाई से खुद को अलग कर लिया क्योंकि उनका बेटा इंडिगो में पायलट है। इंडिगो ने अपनी याचिका में तर्क दिया कि इस तरह के पुनर्आयात पर सीमा शुल्क लगाना असंवैधानिक है और एक ही लेनदेन पर दोहरा शुल्क लगाने के बराबर है।

उसके वकील ने बताया कि मरम्मत के बाद विमान के इंजन और पुर्जों के पुनर्आयात के समय, उसने बिना किसी विवाद के मूल सीमा शुल्क का भुगतान किया था। इसके अलावा, चूंकि मरम्मत एक सेवा है, इसलिए उसने रिवर्स चार्ज के आधार पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) का भी भुगतान किया था।

हालांकि, वकील ने बताया कि सीमा शुल्क अधिकारियों ने उसी लेन-देन को माल का आयात मानकर दोबारा सीमा शुल्क लगाने पर जोर दिया। एयरलाइन ने दावा किया कि यह मामला पहले सीमा शुल्क न्यायाधिकरण द्वारा सुलझाया जा चुका है, जिसने फैसला सुनाया था कि मरम्मत के बाद पुनः आयात पर दोबारा सीमा शुल्क नहीं लगाया जा सकता।

## मेस्सी इवेंट में अफरा-तफरी पर ममता बनर्जी ने मांगी माफी तो बोली BJP



**पश्चिम बंगाल**

**अर्जेंटीना** के स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी के भारत में G.O.A.T. टूर के दौरान कोलकाता के सॉल्ट लेक स्टेडियम में हुए बवाल और तोड़फोड़ को लेकर अब सियासी घमासान छिड़ गया है. भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इस घटना को लेकर तृणमूल कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला किया है. हालांकि, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने स्टेडियम में हुई अव्यवस्था के लिए माफी मांगते हुए कहा कि वह इस घटना से बेहद दुखी और हैरान हैं. भाजपा ने उन पर मगरमच्छ के आंसू बहाने का आरोप लगाया और इस हंगामे को राज्य और फुटबॉल खेल दोनों का अपमान करार दिया. भाजपा और कांग्रेस ने स्टेडियम में हुई अव्यवस्था के लिए तृणमूल कांग्रेस की सरकार को जिम्मेदार ठहराया, वहीं सत्तारूढ़ पार्टी ने खुद को इस पूरे घटनाक्रम से अलग करते हुए कहा कि फुटबॉल स्टेडियम में हुआ यह कार्यक्रम एक निजी एजेंसी की ओर से आयोजित किया गया था.

BJP ने ममता बनर्जी पर साधा निशाना

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में घटी इस घटना के बाद भाजपा के आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा निशाना साधते हुए कहा कि वे मगरमच्छ के आंसू बहा रही हैं. उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में आरोप लगाते हुए कहा, 'यह अव्यवस्था और भ्रष्टाचार तृणमूल सरकार की कार्यशैली का हिस्सा बन चुका है. टीएमसी ने इस घटना के जरिए पश्चिम बंगाल के लोगों और फुटबॉल प्रेमियों की भावनाओं का अपमान किया है.' इसके अलावा, उन्होंने पश्चिम बंगाल के खेल मंत्री अरूप विश्वास और मंत्री सुजीत बोस को बिना किसी देरी के तुरंत पद से हटाते हुए उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की मांग की है।

## "बयानबाजी से नहीं, तैयारी और कार्रवाई से जीते जाते हैं युद्ध"

**नई दिल्ली**

भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने पाकिस्तान को कड़ा और स्पष्ट संदेश दिया है। हैदराबाद में युवा सैन्य अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि युद्ध केवल बयानबाजी, खोखले दावों या दिखावटी मुद्रा से नहीं जीते जाते, बल्कि स्पष्ट उद्देश्य, अनुशासन और ठोस कार्रवाई से जीते जाते हैं। उनके इस वक्तव्य को पाकिस्तान पर परोक्ष लेकिन तीखा प्रहार माना जा रहा है।

अपने संबोधन में उन्होंने बिना नाम लिए पाकिस्तान को निशाने पर लिया और कहा कि ऊँचे-ऊँचे दावे करने या सोशल मीडिया पर झूठी जीत का प्रचार करने से कोई युद्ध नहीं जीता जा सकता। वास्तविक शक्ति तैयारी, सही निर्णय और जमीनी स्तर पर उनके प्रभावी क्रियान्वयन से आती है। सीडीएस ने कहा कि आज दुनिया के कई हिस्सों में अस्थिरता इसलिए बढ़ रही है क्योंकि वहाँ संस्थान कमजोर हैं और जल्दबाजी में फैसले लिए जाते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे निर्णय दीर्घकालिक संघर्ष और असुरक्षा को जन्म देते हैं। इसके विपरीत भारत की ताकत उसके मजबूत संस्थानों, लोकतांत्रिक व्यवस्था और सशस्त्र बलों की पेशेवर क्षमता में निहित है।



उन्होंने भारतीय सेना की सराहना करते हुए कहा कि अनुशासन, मूल्य और कर्तव्य के प्रति समर्पण देश की सुरक्षा की रीढ़ हैं। उन्होंने नए अधिकारियों से कहा कि अब वे इस गौरवशाली परंपरा के संरक्षक हैं।

## नियमों की अनदेखी पड़ी भारी, गोवा के दो नाइट क्लब सील

**● राज्य सरकार द्वारा नियुक्त एक टीम द्वारा ओजरंट क्लिफ स्थित कैफे सीओ2 गोवा के निरीक्षण से पता चला कि 250 लोगों की बैठने की क्षमता वाले इस क्लब के पास अग्निशमन और आपातकालीन सेवा विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं था।**

**गोवा**

**6 दिसंबर** को बिर्च बाय रोमियो लेन नाइटक्लब में भीषण आग लगने से 25 लोगों की मौत के बाद राज्यव्यापी कार्रवाई के तहत कम से कम दो नाइटक्लब सील कर दिए गए हैं। उत्तरी गोवा के वागाटोर बीच पर अरब सागर के किनारे एक चट्टान पर स्थित मशहूर नाइटक्लब कैफे सीओ2 गोवा को शनिवार को सील कर दिया गया। यह कार्रवाई वागाटोर में ही स्थित गोया क्लब को कथित उल्लंघन के आरोप में बंद किए जाने के दो दिन बाद की गई है। राज्य सरकार द्वारा नियुक्त एक टीम द्वारा ओजरंट क्लिफ स्थित कैफे सीओ2 गोवा के निरीक्षण से पता चला कि 250 लोगों की बैठने की क्षमता वाले इस क्लब के पास अग्निशमन और आपातकालीन सेवा विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) नहीं था।

राज्य सरकार के एक अधिकारी ने बताया इसकी संरचनात्मक स्थिरता में भी कुछ समस्याएं हैं। इसके अलावा, क्लब ने निर्धारित सीमा से अधिक निर्माण कार्य किया था, जिसके कारण इसे बंद कर दिया गया। रोमियो लेन स्थित बिर्च नाइटक्लब में लगी भीषण आग की जांच कर रही पुलिस ने अब तक छह लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें क्लब के प्रबंधक और कर्मचारी शामिल हैं। आग से त्रस्त हुए इस प्रतिष्ठान के मालिक सौरभ लूथरा और उनके भाई गौरव लूथरा को थाईलैंड के फुकेत में हिरासत में लिया गया है। सरकारी सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि वहां के अधिकारियों ने उन्हें वापस भेजने की कार्यवाही शुरू कर दी है।



इस त्रासदी के मद्देनजर, गोवा सरकार ने सभी पर्यटन और मनोरंजन प्रतिष्ठानों के लिए कड़े नए सुरक्षा उपाय घोषित किए हैं। इनमें आग से सुरक्षा नियमों का अनिवार्य अनुपालन, आतिशबाजी पर पूर्ण प्रतिबंध और रात 11 बजे के बाद शराब की बिक्री पर रोक शामिल है। मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने चेतावनी दी है कि नए मानदंडों का पालन न करने वाले प्रतिष्ठानों के लाइसेंस रद्द कर दिए जाएंगे और उनके परिसर को सील कर दिया जाएगा।

# प्रयागराज में काव्यांगन हिंदी का राष्ट्रीय अधिवेशन व ग्रंथ विमोचन समारोह शुरू

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** काव्यांगन हिंदी की राष्ट्रीय संस्था के तत्वावधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन एवं ग्रंथ विमोचन कार्यक्रम का शुभारंभ 13 दिसंबर 2025 को राज्य शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान, प्रयागराज में हुआ। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि विक्रम सिंह, सीनियर जेल सुपरिंटेंडेंट नैनी जेल रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार महेंद्र राय ने की। मुख्य अतिथि ने फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया तथा मां सरस्वती एवं काव्यांगन के संस्थापक डॉ. रामकृष्ण शर्मा के चित्र पर माल्यार्पण किया।



कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती की स्तुति से हुआ, जिसे दिल्ली से पधारी आभा त्रिवेदी ने प्रस्तुत किया। काव्यांगन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमापति त्रिवेदी ने अभिनंदन ग्रंथ का वाचन किया और राष्ट्रीय सचिव विवेक गोयल ने संस्था द्वारा अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा प्रस्तुत की। इस अवसर पर युवा साहित्यकार अर्पित सर्वेस की पुस्तक 'तुम्हारा जवाब' तथा लखनऊ से पधारी साहित्यकार पूर्णिमा भसीन की दो पुस्तकों का लोकार्पण किया गया।

मुख्य अतिथि विक्रम सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि भौतिकवादी युग में साहित्य की साधना कठिन अवश्य है, लेकिन यह मानव मन को संतुष्टि देने वाला कार्य है। उन्होंने देश के विभिन्न प्रांतों से पधारे रचनाकारों को एक मंच पर देखकर प्रसन्नता व्यक्त की और प्रयागराज की पावन धरती पर आयोजित इस साहित्यिक आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई दी। प्रथम सत्र में पूर्णिमा भसीन, कालीचरण, मीनाक्षी गर्ग, अलका बलूनी पंत, सुषमा पांडे सहित कई रचनाकारों ने काव्य पाठ किया। कार्यक्रम का संचालन आरती रावत पुंडीर ने किया।

कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में संजीव कुमार सिंह, अतिरिक्त महाधिवक्ता इलाहाबाद हाईकोर्ट उपस्थित रहे। इस सत्र में साहित्यकार कमलेश ढींगरा की पुस्तक 'अनुभूति के रंग' का विमोचन हुआ। बरेली, दिल्ली, गोरखपुर सहित विभिन्न जनपदों से आए कवियों ने काव्य पाठ किया। अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार गजेंद्र सिंह ने की। मुख्य अतिथि ने कहा कि साहित्य मानव को पशुता से देवत्व की ओर ले जाता है और सामाजिक परिवर्तन में साहित्यकारों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। अंत में राष्ट्रीय अध्यक्ष रमापति त्रिवेदी ने आभार व्यक्त किया।

# सुजौना माइनर में जे सी बी से हुई सफाई, मजदूर नदारद, ग्रामीणों ने की शिकायत

## सफाई के नाम पर कई जगह लगाई आग, जीवजन्तु हुए बेहाल, जिम्मेदार मौन

**सफाई के नाम पर नहर विभाग में वर्षों से जमकर हो रहा धन का बंदर बांट**

**अखंड भारत संदेश**

**बारा प्रयागराज।** नहर की सफाई के नाम पर प्रत्येक वर्ष सरकार लाखों रुपए किसानों की हित के लिए सरकार खर्च करती है।ताकि किसानों को नहर से खेती की सिंचाई समय पर हो सके।लेकिन यहाँ पर जमीनी हकीकत कुछ और है।जिसकी शिकायत अधिवक्ता राजू यादव व रमाकांत यादव जिला उपाध्यक्ष समाजवादी पार्टी ने एस डी एम बारा से की।अपने शिकायती पत्र में सुजौना माइनर नहर बाघला प्रखंड तृतीय चंदैया बारी हेड से सुजौना गांव टेल तक कुल लम्बाई6,400मीटर की है। जमे अवर अभियंता की बंदर बांट से कई वर्षों से सिर्फ 6 किलोमीटर की सफाई होती रही 400 मीटर का लगातार पैसा कहा गया किसी को नही पता है।कागज पर पूरा हेड से लेकर टेल तक की सफाई का काम फ़ोटो लगाकर कोरम पूरा करके सरकारी धन का दुरुपयोग किया जाता है।सफाई मजदूरों के द्वारा होनी चाहिए जो सरकार का निर्देश है।लेकिन इस तृतीय प्रखंड के अवर अभियंता का अजब खेल है जब से आए है नहर की सफाई तो दूर की बात है,ऊपर की मिट्टी की मेड़बंदी कई जगह नही करवाया है।सफाई के नाम पर तातारगंज के पास आग लगा कर सफाई करवाया,अनगिनत जीवजन्तु बेहाल होकर जल गए। आजतक विभाग से सम्बंधित किसी अधिकारी ने देखना वाजिब नही समझे। एस डी ओ रबीन्द्र सोनकर का कहना है अभी हाल ही में मैं यहाँ आया हूँ जानकारी नही है अगर इस तरह है तो कार्यवाई होगी।



# आपत्तियों पर जवाब न देने वाले प्रधानों को नहीं मिलेगा NOC

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जिले की ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों की लापरवाही पर ऑडिट में आई आपत्तियों के मामले में डीएम मनीष कुमार वर्मा ने कड़ा रुख अपनाया है। प्रधानों और पूर्व प्रधानों को बार-बार नोटिस दिए गए, लेकिन किसी ने भी जवाब नहीं दिया।अब ऐसे लोगों को अगले प्रधान चुनाव के लिए अनापत्ति प्रमाणपत्र (ऱ्ध्ण्) नहीं मिलेगा।पंचायतों में सभी विकास कार्य प्रधानों के माध्यम से ही कराए जाते हैं और भुगतान भी उनके डोंगल से होता है। पिछली और वर्तमान पंचायतों के कई कार्यों के ऑडिट में अनियमितताएं पाई गईं।




डीपीआरओ रवि शंकर द्विवेदी ने संबंधित प्रधानों व पूर्व प्रधानों को कई नोटिस जारी किए, मगर कोई संतोषजनक जवाब नहीं आया।डीपीआरओ ने डीएम को पत्र लिखकर मार्गदर्शन मांगा, जिस पर डीएम ने साफ आदेश जारी कर दिया। डीएम मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि जवाब न देने वालों को चुनाव लड़ने का मौका नहीं मिलेगा। इससे पंचायत स्तर पर पारदर्शिता बढ़ेगी और विकास कार्यों में लापरवाही पर अंकुश लगेगा।जिले में सैकड़ों पंचायतें हैं, जहां ऐसी आपत्तियां आम हैं। अधिकारियों का मानना है कि यह कदम भविष्य में जवाबदेही सुनिश्चित करेगा।

# चनेथू: देखि सुदामा की दीन दशा करुणा करिके करुणानिधि रोए...

**अखंड भारत संदेश**

**जंघई।** चनेथू पड़ान गांव में मुख्य यजमान घनश्याम पांडेय एवं मुंदर देवी के निवास पर आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के समापन दिवस पर शनिवार को कथा व्यास संजय कृष्ण त्रिपाठी महाराज ने सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष का वर्णन किया। विगत सात दिनों तक भगवान श्रीकृष्ण के वात्सल्य प्रेम के अलावा उनके द्वारा किए गए विभिन्न लीलाओं का वर्णन करके महाराज ने वर्तमान समय में समाज में व्याप्त अत्याचार, अनाचार, कटुता, व्यभिचार को दूर कर सुंदर समाज निर्माण के लिए युवाओं को प्रेरित किया। इस धार्मिक अनुष्ठान के समापन दिवस पर महाराज ने भगवान श्री कृष्ण की सर्वोपरी लीला एवं सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष का वर्णन करके लोगों को भक्तिरस में डुबो दिया। भागवत कथा में आस-पास गांव के अलावा दूर दराज से आए काफी संख्या में महिला-पुरूष भक्तों ने साप्ताहिक कथा का आनंद उठाया सात दिनों तक क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय रहा। सुदामा चरित्र में भगवान श्रीकृष्ण के बाल सखा सुदामा एक निर्धन ब्राह्मण थे, अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे गरीबी के बावजूद भी वे हमेशा भगवान के ध्यान में रहते थे जब सुदामा की पत्नी सुशीला ने उन्हें द्वारका जाकर श्रीकृष्ण से मदद मांगने को कहा, तो सुदामा वहां गए और द्वारिकाधीश के महल का पता पूंछा और महल की ओर बढ़ने लगे तो द्वारपालों ने सुदामा को भिक्षा मांगने वाला समझकर रोक दिया, द्वारपालों की सूचना पर श्रीकृष्ण पहुंचे और गले लगाकर सिंहासन पर बिठाया और उनके चरण आंसुओं से धोए और सभी पटरानियां सुदामा से आशीर्वाद लेती हैं सुदामा जी विदा लेकर अपने घर लौटते हैं और भगवान श्रीकृष्ण की कृपा से अपने यहां महल बना पाते हैं। परीक्षित मोक्ष प्रसंग में शुकदेव जी ने राजा परीक्षित को सात दिनों तक श्रीमद्भागवत कथा सुनाई कथा सुनने के बाद राजा परीक्षित के मन से मृत्यु का भय निकल गया तक्षक नाग ने राजा परीक्षित को डंस लिया, लेकिन कथा सुनने के कारण राजा परीक्षित भगवान के परमधाम को पहुंच गए कथा के पश्चात आरती प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर पंडित ओमप्रकाश ओझा, आचार्य भानू प्रकाश मिश्र एवं प्रदीप मिश्रा, कैलाश नाथ पांडेय, कृपाशंकर पांडेय, विजय श्याम पांडेय, प्रमोद पांडेय, शीतला प्रसाद पांडेय, अशोक पांडेय, संतोष पांडेय, पवन पांडेय एवं प्रवेश देवी, अनिल पांडेय, अच्छे लाल पांडेय, विमल पांडेय, मनोज लवकुश, दीपू, नीलेश, प्रीत, शुभम, रौनक सहित तमाम लोग मौजूद रहे।








# ऑपरेशन सिंदूर की प्रस्तुति ने लोगो का मन मोहा

**वार्षिकोत्सव में बच्चों ने प्रस्तुत किया रंगारंग कार्यक्रम**

**अखंड भारत संदेश**

**जारी।** जसरा विकासखंड के जारी बाजार में स्थित एचएल जायसवाल मेमोरियल पब्लिक स्कूल में शनिवार को धूमधाम से वार्षिकोत्सव मनाया गया। वार्षिकोत्सव में बच्चों ने नृत्य, लोक गीत, नाटक, आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, गणेश वंदना व सरस्वती पूजा के साथ प्रारंभ किया गया। स्कूल के प्रबंधक विजय कुमार जायसवाल उर्फ़ पिंटू ने कहा कि आज के बच्चे आने वाले कल की नींव हैं। बच्चे देश का भविष्य है इसलिए बच्चों की पढ़ाई और संस्कार पर ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बच्चों के विकास के लिए ऐसे कार्यक्रमों होते रहने चाहिए। तो वही स्कूल की प्रधानाचार्या लक्ष्मी अग्रहरि ने बताया कि कक्षा 11 की छात्राओं ने ऑपरेशन सिंदूर की प्रस्तुति कर सबका मन जीत लिया

सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों को देश की परंपरा से जोड़े रखते हैं। इस दौरान बच्चों ने मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिनमें बॉलीवुड गीत, पंजाबी सॉन्ग नृत्य, हास्यप्रद नाटक, गीतों पर शानदार प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान रेनू बिहारी जायसवाल ने मेधावी बच्चों का खूब उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर डायरेक्टर संगीता जायसवाल, फातिमा फरहीन, अजय यादव,शुभम, आदित्य जायसवाल संदीप ,राहुल ,सभी अध्यापक एवं अभिभावकगण मौजूद रहे। संचालन अंजलि ने किया। और स्कूल के प्रबंधक ने सबका आभार प्रकट किया।



# युवक ने कमरे में फंदे से फांसी लगाकर दी जान

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी क्षेत्र में युवक ने फांसी लगाकर दी जान। वही पुलिस ने शव को अपने कब्जे मे लेकर पीएम के लिये भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के मामा भांजा स्थित चक गरीब दास निवासी सुधाकांत प्रजापति पुत्र जवाहर लाल छह भाइयों में पांचवे नंबर पर था। मृतक अंडे की दुकान चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। कुछ दिनों से वह अपनी दुकान नहीं लगा रहा था। शनिवार को वह अपने कमरे में फंदे से लटक कर खुदकुशी कर ली। इसकी जानकारी जब घरवालों को हुई तो वह शोर मचाते हुए कमरे के पास पहुंचे और दरवाजे को तोड़कर फंदे से लटक रहे युवक को उतारा और पुलिस को सूचना के दी। सूचना और पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिवार के सदस्यों ने बताया कि वह लंबे समय से नशे का आदी था।

# नैनी सेंट्रल जेल गेट पर खड़ी बाइक चोरी, जेल वार्डर की बाइक गायब, चोर सीसीटीवी में कैद

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** नैनी सेंट्रल जेल के मुख्य गेट पर खड़ी जेल वार्डर की बाइक चोरी होने का मामला सामने आया है। जेल गेट से बाइक चोरी होना जेल की सुरक्षा पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। दिन दहाड़े बाइक चोरी होने के बाद से जेल के अधिकारी और कर्मचारी काफी परेशान है।

हालांकि इस बाइक चोरी की पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। जिसमें देखा गया है कि एक युवक किस तरह से बाइक के पास टहलता रहा था और पलक झपकते ही बाइक उड़ा दिया। काफी खोजबीन के बाद घटना की तहरीर थाने पर वार्डर ने दी है।मूल रूप से कानपुर देहात के रहने वाले पुष्पराज सिंह सेंगर केंद्रीय कारागार नैनी में तैनात जेल वार्डर के पद पर तैनात है। वह जेल अधीक्षक के वाहन चालक है। वह जेल के कैंपस में ही परिवार के साथ रहते है। गुरुवार को वह सेंट्रल जेल गए हुए थे। वह गेट के समीप पहुंचे तो उन्हें जेल के हेड वार्डर सुरेंद्र कुमार मिले और सड़क तक छोड़ने के लिए कहा। इसके बाद वह अपनी बाइक से उन्हें छोकर वापस लौट रहे तो एक नैनी थाने के सिपाही अखिलेश से बात होने लगी। वह अचानक से पहुंचे और जेल के मुख्य गेट के बाहर अपनी बाइक स्प्लेंडर प्लस ळइ 77 4399 खड़ी कर जेल के अंदर चले गए। जब वापस बाहर आए तो उनकी बाईक गायब थी। काफी देर परेशान होने के बाद भी उनकी बाइक भी मिल सकी।

**सीसीटीवी में कैद हुई पूरी घटना**

घटना गुरुवार की दोपहर करीब 1.42 की है। जब पुष्पराज जेल के अंदर गए। उस दौरान एक युवक सफेद रंग की टीशर्ट और हॉफ लोवर में गेट के पास पहुंचा और कुछ देर तक टहलता दिखाई दिया। कुछ हो देर में वह बाईक में चाबी लगाया और लेकर निकल गया। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। बाइक लेकर जाते वक्त युवक देखा गया। हालांकि युवक अभी पकड़ा नहीं जा सका है। जेल वार्डर ने नैनी कोतवाली में तहरीर दी है।



# ग्राम समाज की करोड़ों की जमीन भू माफियाओं ने बेच डाला, मुकदमा दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** थाना क्षेत्र के ग्राम सभा मऊआइमा के लोनार स्थित ग्राम समाज की कई बीघा जमीन भू माफियाओं पर बेचने का आरोप है। बताया गया है कि मामले का तब खुलासा हुआ जब लेखपाल राज कुमार सागर ने तमाम अभिलेखों का निरीक्षण किए आरोप है कि मुजफ्फर हक मुजाहिद पुत्र हाफिज स्वर्गीय जमाल उद्दीन ने सरकारी कागजों में कूटरचित, जालसाजी करते हुए आरोप है कि उन्होंने अपनी दस बिस्वा भूमि के अलावा ग्राम समाज की कई बीघा जमीन जिसका अनुमानित मूल्य करोड़ों में अंकी जा रही है बेच डाला गया। लेखपाल राजकुमार सागर ने शनिवार को मऊआइमा पुलिस थाने में ग्राम समाज की सरकारी जमीन बिक्रेता मुजफ्फर हक मुजाहिद ,आमिर मुनाफ अबरार अंसारी ग्राम खानपुर, मुतीबुर्रब मोहल्ला मुस्तफाबाद, लल्लू सोनी ग्राम छितपालगढ मान्धाता प्रतापगढ़,तथा भीम सिंह ग्राम चौहान का पूरा, पप्पू मोहल्ला मुस्तफाबाद के खिलाफ जालसाजी फ्राड का मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# कथित दबंग भूमाफियाओं ने कूंची और मेड़रा गांव में सरकारी भूमि पर किया अवैध अतिक्रमण

## शिकायत कर्ता जगदीश बिंद ने डीएम प्रयागराज को शिकायती पत्र देकर लगाई कार्यवाही की गुहार कहा साहब उपरोक्त भूमाफियाओं का मेड़रा और कूंची गांव में है दबदबा वर्तमान हल्का लेखपाल ने सांठ गांठ कर कराया पुनः अवैध कब्जा

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** विकास खंड मेजा के ग्राम पंचायत कूंची में कथित दबंग भूमाफियाओं द्वारा जहां खाद गड्ढा व नाली क्षतिग्रस्त कर उस अवैध कब्जा कर लिया गया है वहीं इसी गांव से सटे मेड़रा में भी इन्हीं दबंगों द्वारा खलिहान की भूमि पर जबरन मकान निर्माण भी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। प्रकरण में पूर्व की शिकायतों पर हल्का लेखपाल द्वारा कार्यवाही न होने की दशा में शिकायत कर्ता जगदीश बिंद ने डीएम प्रयागराज को प्राथना पत्र भेजकर कार्यवाही किए जाने की गुहार लगाई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मेजा तहसील क्षेत्र के मेडरा गांव निवासी जगदीश बिंद पुत्र तेजई ने बीते 6 दिसंबर को संपूर्ण समाधान दिवस में दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र में गांव के ही दबंग भूमाफिया हरीलाल संगमलाल ओमप्रकाश पुत्रगण राम अचल ग्राम पंचायत मेडरा और कूंची दोनों गांवों में स्थित खाद गड्ढा संख्या 68 व खलिहान की भूमि संख्या 43 तथा नाली संख्या 56 पर अपनी अपनी गुंडई एवं दबंगई के बल जबरन जहां नाली तोड़ फोड़ कर अवैध अतिक्रमण कर लिया है वहीं खलिहान की भूमि पर अवैध ढंग से मकान बनाकर कब्जा कर लिया है। इतना ही नहीं डीएम प्रयागराज को लिखे गए शिकायती पत्र में शिकायत कर्ता ने इस बात का भी जिक्र किया है कि उसके द्वारा सन 2018 में की गई शिकायत पर तत्कालीन राजस्व अधिकारियों के निर्देश पर हल्का लेखपाल द्वारा मौके पर निरीक्षण के पश्चात सरकारी खलिहान की भूमि पर दबंगों द्वारा अवैध ढंग से कब्जा कर बनाया गया मकान को बेदखली का आदेश और आर्थिक जुर्माना का आदेश हुआ था और खाद गड्ढा एवं नाली से अवैध कब्जा हटवाकर खाली करा दिया गया था। प्रकरण के बाबत शिकायत कर्ता जगदीश बिंद की बातों को सच माना जाय तो उसके अनुसार उक्त भूमाफियाओं ने बेदखली के आदेश के बाद भी आज तक न तो खलिहान की भूमि से मकान हटाया और न ही जुर्माना ही भरा उल्टा खाद गड्ढा और सरकारी नाली पर वर्तमान हल्का लेखपाल से सांठ गांठ कर पुनः अवैध कब्जा कर लिया है। ऐसी स्थिति में शिकायत कर्ता जगदीश बिंद ने प्रयागराज डीएम को रिमाइंडर शिकायती पत्र भेजकर दबंगों के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने और सरकारी खलिहान की भूमि तथा खाद गड्ढा व नाली से अवैध अतिक्रमण हटवाने की गुहार लगाई है।



# राष्ट्रीय लोक अदालत का भव्य आयोजन

**कुल 227876 वादो का रिकार्ड निस्तारण**

**अखंड भारत संदेश**





**प्रयागराज।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार आज दिनांक 13.12.2025 को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज के तत्वाधान में जनपद न्यायालय, प्रयागराज व समस्त तहसीलो में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन प्रातः 10 बजे माननीय प्रशासनिक न्यायमूर्ति , प्रयागराज शेखर बी.सर्राफ द्वारा दीप प्रज्जवलित करके किया गया। माननीय जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,प्रयागराज सत्य प्रकाश त्रिपाठी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत का कार्य प्रारंभ किया गया।

राष्ट्रीय लोक अदालत मे कुल 227876 वादो का निस्तारण किया गया। जनपद न्यायाधीश सत्य प्रकाश त्रिपाठी द्वारा 02 सिविल बाद निस्तारित किए गए । राष्ट्रीय लोक अदालत में फौजदारी के कुल 11519 वादों का निस्तारण किया गया। पारिवारिक न्यायालय द्वारा कुल 72 वादो का निस्तारण आपसी सुलह-समझौते के आधार पर किया गया। माननीय जनपद न्यायाधीश प्रयागराज द्वारा 13 जोड़ो को आपसी सुलह समझौते के आधार पर एक साथ रहने के लिए समझौता किया गया और एक दूसरे को माला पहना कर मिठाई खिलाई गई। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण पीठासीन अधिकारी उत्तरी पर्वेंद्र कुमार शर्मा द्वारा 310 वादो का निस्तारण किया गया। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण पीठासीन अधिकारी दक्षिणी निकुंज मित्तल द्वारा 112 वादो का निस्तारण किया गया। सुदामा प्रसाद पीठासीन अधिकारी, कमर्शियल कोर्ट द्वारा कुल 01 वाद का निस्तारण किया गया। पीठासीन अधिकारी भूमि अधिग्रहण कृष्ण स्वरूप धर द्विवेदी द्वारा कुल 06 वादों का निस्तारण किया गया। राहुल सिंह अपर जनपद न्यायाधीश, ई0 सी0 एक्ट के द्वारा विधुत के 602 मामलो का निस्तारण किया गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, त्रिशा मिश्रा के द्वारा 5857 वाद, विनय कुमार जायसवाल , रेलवे मजिस्ट्रेट के द्वारा 2180 वाद, अपर मुख्य नायक मजिस्ट्रेट : 2 अरुण कुमार यादव द्वारा 1057 वाद निस्तारित किए गए। राजस्व न्यायालयो के द्वारा कुल 127064 वादो का निस्तारण किया गया, बैंक के प्री-लिटिगेशन के 1776 मामले निस्तारित किये गये। रविकान्त-द्वितीय, नोडल अधिकारी/एडीजे, लोक अदालत के निर्देशन में समस्त विभागो से समन्वय स्थापित कर लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया। यह जानकारी दिनेश कुमार गौतम, सचिव/एडीजे, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज द्वारा दी गयी।



## मांडा में 487 मतदाताओं के नाम कटे,

**भाजपाइयों ने बीएलओ को घेरा, जांच के आदेश**

**अखंड भारत संदेश**

**मांडा।** एक ही बूथ पर 487 मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से काटे जाने का मामला सामने आया है। शुक्रवारी बाजार स्थित भाग संख्या 324 पर कुल 1336 मतदाताओं में से लगभग 40 प्रतिशत नाम हटाए गए हैं। सूची प्रकाशित होने के बाद स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने बीएलओ को घेर लिया। स्थानीय भाजपा नेता अवधेश केशरी ने बताया कि इस मामले की जानकारी पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों को दी गई थी। इसके बाद जिला उपाध्यक्ष राजेश्वरी तिवारी, अशोक पांडेय और मंडल अध्यक्ष लीलावती गुप्ता ने मांडा पहुंचकर स्थानीय भाजपाइयों के साथ बैठक की। उन्होंने इस पूरे प्रकरण से जिला निर्वाचन अधिकारी को अवगत कराया। मामले की गंभीरता को देखते हुए मेजा निर्वाचन विभाग के प्रभारी उपजिलाधिकारी सोरांव तपन मिश्र जांच के लिए मौके पर पहुंचे। उन्होंने सुपरवाइजर और बीएलओ को कड़ी फटकार लगाई। उपजिलाधिकारी ने सभी पात्र मतदाताओं के नाम पुनः सत्यापित करने का आदेश दिया है।

## युवक ने कमरे में फंदे से फांसी लगाकर दी जान

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी क्षेत्र में युवक ने फांसी लगाकर दी जान। वही पुलिस ने शव को अपने कब्जे मे लेकर पीएम के लिये भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के मामा भांजा स्थित चक गरीब दास निवासी सुधाकांत प्रजापति पुत्र जवाहर लाल छह भाइयों में पांचवे नंबर पर था। मृतक अंडे की दुकान चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। कुछ दिनों से वह अपनी दुकान नहीं लगा रहा था। शनिवार को वह अपने कमरे में फंदे से लटक कर खुदकुशी कर ली। इसकी जानकारी जब घरवालों को हुई तो वह शोर मचाते हुए कमरे के पास पहुंचे और दरवाजे को तोड़कर फंदे से लटक रहे युवक को उतारा और पुलिस को सूचना के दी। सूचना और पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिवार के सदस्यों ने बताया कि वह लंबे समय से नशे का आदी था।

## मजाक का विरोध करने पर युवक को बेरहमी से मरने से हुई मौत

**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी।** थाना क्षेत्र में चार दिन पहले हुई एक घटना में मजाक का विरोध करने पर 25 वर्षीय युवक की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान वार्ड 85 कलवारी तोला निवासी एहसान पुत्र स्व. फक्कड़ के रूप में हुई है, जो पेशे से कारपेंटर था।?घटना प्रभुदत्त ब्रह्मचारी मार्ग पर हुई, जब एहसान अपने घर जा रहा था। पड़ोस के कुछ युवकों ने उससे मजाक किया, जिसका विरोध करने पर एक आरोपी इतना भड़क गया कि उसने पास रखा बाँस का टुकड़ा उठाकर एहसान को बेरहमी से पीटा।



सर पर गंभीर चोट लगने के कारण एहसान मौके पर ही गिर गया और उसे उल्टी होने लगी। घायल एहसान को आनन-फानन में स्थानीय अस्पताल भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे रेफर कर दिया। शनिवार को परिजन उसे बेली अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। एहसान तीन भाइयों में सब से छोटा था और अपने पिता की मौत के बाद अपनी माँ का एकमात्र सहारा था। थाना प्रभारी महेश मिश्रा ने बताया कि पीड़ित पक्ष की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया जा रहा है।

## ग्रामीणों को घर-घर जाकर समझाई गई बिजली राहत योजना, 40 ओटीएस राशि जमा

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी क्षेत्र के रिवा रोड पावर हाउस द्वारा भंडारा उमरगंज में बिजली राहत योजना (ओटीएस) का विशेष कैंप आयोजित किया गया। इस अभियान में बिजली विभाग के अधिकारी और कर्मचारी घर-घर जाकर ग्रामीणों को योजना के लाभ के बारे में जागरूक करते हुए ओटीएस की राशि जमा करने में मदद कर रहे थे। भंडरा उमरगंज में ओम प्रकाश (टीजी 2), अभिषेक (टीजी2), अभिराज (टीजी2), रामकांत (एसएसओ), मो. रईश, लाइनमैन सवराव, सिद्धार्थ, आलोक, शेखर, राकेश, राकेश भारतीय और पंकज पटेल ने ओटीएस जमा किया। वही बताया कि शनिवार को कुल 40 ओटीएस की राशि सफलतापूर्वक जमा हो चुकी है। कुछ लोगों ने फुल पेमेंट कर दी है वही भंडरा गांव में स्थित है जिससे स्थानीय ग्रामीणों के साथ संवाद और सहयोग में आसानी हुई। ओमप्रकाश और टीजी2 रिवा रोड के कर्मचारी ग्रामीणों को घर-घर जाकर ओटीएस का लाभ समझा रहे हैं। वहीं सवराव और शेखर ने भी गांव में सक्रिय भूमिका निभाते हुए अधिक से अधिक ओटीएस जमा करने में मदद की। विभाग के अनुसार यह पहल ग्रामीणों को बिजली राहत योजना का लाभ तुरंत उपलब्ध कराने और ग्रामीणों में जागरूकता बढ़ाने के लिए की गई है। कर्मचारियों की मेहनत और समर्पण से यह अभियान सफल रहा और ग्रामीणों ने इसे सराहा।

## मजाक का विरोध करने पर युवक को बेरहमी से मरने से हुई मौत

**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी।** थाना क्षेत्र में चार दिन पहले हुई एक घटना में मजाक का विरोध करने पर 25 व षीय युवक की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान वार्ड 85 कलवारी तोला निवासी एहसान पुत्र स्व. फक्कड़ के रूप में हुई है, जो पेशे से कारपेंटर था। घटना प्रभुदत्त ब्रह्मचारी मार्ग पर हुई, जब एहसान अपने घर जा रहा था। पड़ोस के कुछ युवकों ने उससे मजाक किया, जिसका विरोध करने पर एक आरोपी इतना भड़क गया कि उसने पास रखा बाँस का टुकड़ा उठाकर एहसान को बेरहमी से पीटा। सर पर गंभीर चोट लगने के कारण एहसान मौके पर ही गिर गया और उसे उल्टी होने लगी। घायल एहसान को आनन-फानन में स्थानीय अस्पताल भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे रेफर कर दिया। शनिवार को परिजन उसे बेली अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। एहसान तीन भाइयों में सब से छोटा था और अपने पिता की मौत के बाद अपनी माँ का एकमात्र सहारा था। थाना प्रभारी महेश मिश्रा ने बताया कि पीड़ित पक्ष की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया जा रहा है।

## मांडा में युवक को पुरानी रंजिश में पीटा, चार पर मुकदमा दर्ज, पुलिस जांच में जुटी

**अखंड भारत संदेश**



**मांडा।** यमुनापार क्षेत्र के मांडा थानांतर्गत बघौरा खवासान गांव में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक की पिटाई का मामला सामने आया है। निमंत्रण से लौट रहे युवक को चार आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए पीटा और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच कर रही है।यह घटना थाना क्षेत्र के बघौरा खवासान गांव की है। गांव निवासी नायब बिंद ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि वह एक निमंत्रण से अपने घर वापस आ रहा था। रास्ते में उसे रोक लिया गया।

नायब बिंद के अनुसार, गांव के ही चार युवकों ने पुरानी रंजिश के कारण उसे गालियां दीं और मारपीट की। आरोपियों ने उसे थाने जाने पर जान से मारने की धमकी भी दी।

पुलिस ने नायब बिंद की शिकायत के आधार पर चारों नामजद आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गहनता से छानबीन कर रही है।वही मांडा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के डॉक्टर ने चुटहिल लोगों का प्राथमिक उपचार कर शहर के लिए रिफर कर दिया है ।

## ग्राम समाज की करोड़ों की जमीन भू माफियाओं ने बेच डाला, मुकदमा दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** थाना क्षेत्र के ग्राम सभा मऊआइमा के लोनार स्थित ग्राम समाज की कई बीघा जमीन भू माफियाओं पर बेचने का आरोप है।

बताया गया है कि मामले का तब खुलासा हुआ जब लेखपाल राज कुमार सागर ने तमाम अभिलेखों का निरीक्षण किए आरोप है कि मुजफ्फर हक मुजाहिद पुत्र हाफिज स्वर्गीय जमाल उद्दीन ने सरकारी कागजों में कूटरचित, जालसाजी करते हुए आरोप है कि उन्होंने अपनी दस बिस्वा भूमि के अलावा ग्राम समाज की कई बीघा जमीन जिसका अनुमानित मूल्य करोड़ों में अंकी जा रही है बेच डाला गया। लेखपाल राजकुमार सागर ने शनिवार को मऊआइमा पुलिस थाने में ग्राम समाज की सरकारी जमीन बिक्रेता मुजफ्फर हक मुजाहिद ,आमिर मुनाफ अबरार अंसारी ग्राम खानपुर, मुतीबुर्रब मोहल्ला मुस्तफाबाद, लल्लू सोनी ग्राम छितपालगढ मान्धाता प्रतापगढ़,तथा भीम सिंह ग्राम चौहान का पूरा, पप्पू मोहल्ला मुस्तफाबाद के खिलाफ जालसाजी फ्राड का मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## पं.दीन दयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कालेज कमलानगर का भव्य वार्षिकोत्सव संपन्न

**मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक प्रयागराज पी एन सिंह रहे**

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कालेज कमलानगर बारिया प्रयागराज के वार्षिकोत्सव समारोह का रंगारंग कार्यक्रम के साथ शुभारम्भ हुआ। मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक पी.एन. सिंह ने दीप प्रज्ज्वलन करते हुए उत्सव का शुभारम्भ किया। अपने सम्बोधन में पी एन सिंह ने कहा कि अब समय है कि हमारे विद्यालय तकनीक के साथ शिक्षा को आगे ले आएं। तभी हम विकसित राष्ट्र का सपना पूरा कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि हमारे शिक्षक योजना बनाकर छात्र समूहों को उनकी आवश्यकता के अनुसार शिक्षण उपलब्ध कराएं। विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन करते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक प्रयागराज पी एन सिंह ने कहा कि बोर्ड परीक्षा निकट है अतः सभी छात्र समय प्रबंधन के साथ पढ़ाई करें। तनाव न लें, पूरी नींद लें प्राथमिकता तय करें।जरुरत के अनुसार शिक्षकों से संवाद बनाये रखें। विद्यालय में खेल, पढ़ाई सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार भी प्रदान किया। इस अवसर पर सुन्दरीकरण कराये गये प्रधानाचार्य कक्ष का लोकार्पण भी किया। विद्यालय के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि हम अपने विद्वान शिक्षकों के साथ बच्चों कि पढ़ाई में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगे। कार्यक्रम का संचालन डॉ प्रभाकर त्रिपाठी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर राजू यादव विधि अधिकारी, पवन श्रीवास्तव प्रदेश संस्कृत निरीक्षक सहित विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं, अभिभावकों, प्रबुद्ध जनों की गरिमामयी उपस्थिति रही। राष्ट्र गान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## जनसेवक पूर्व पार्षद कमलेश सिंह को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी लोकप्रिय समाजसेवी मां गंगा की स्वच्छता, निर्मलता व अविरलता के लिए आजीवन सतत प्रयत्नशील रहने वाले पूर्व पार्षद कमलेश सिंह (दादा) के असामयिक निधन पर गंगा महासभा एवं यमुनापार विकास संघर्ष समिति के संयुक्त तत्वावधान में एक शोकसभा शनिवार को नैनी मे देवरख बन्धारोड स्थित मदन वाटिका में आयोजित की गई। शोक सभा में उपस्थित समाजसेवियों व पार्षदों ने दुःख व्यक्त करते हुए पूरे प्रयागराज महानगर के लिए अपूरणीय छति बताया। शोक सभा का संचालन करते हुए गजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि जनसेवक कमलेश दादा के नाम पर किसी सड़क या गली का नामकरण किया जाना चाहिए जिससे भावी पीढ़ी सामाजिक कार्यों के प्रति प्रेरणा लेती रहें। पूर्व जोन अध्यक्ष नगर निगम नैनी पार्षद रणविजय सिंह ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए आश्वस्त किया कि उनकी जनसेवा को यादगार



बनाने में हम सभी पार्षदगण मिलकर प्रयास करेंगे। शोक श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए वक्ताओं ने कमलेश दादा के त्याग, समर्पण, ईमानदारी, सादगी, सरलता के साथ निस्वार्थ सेवा भाव को याद कर भावुक श्रद्धांजलि अर्पित किया। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में प्रमुख रूप से गंगा महासभा के प्रदेश महामंत्री देवेन्द्र तिवारी, जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय, पार्षद मयंक यादव, आलोक कुमार, सुधाकर द्विवेदी, पत्रकार जगदम्बा प्रसाद शुक्ल, शौमिक सरकार, दिनेश विश्वकर्मा, नित्यानंद वर्मा, जितेन्द्र सिंह, आशुतोष मिश्र आदि शामिल रहे। अन्त में दिवंगत आत्मा की शान्ति हेतु दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की गई।

# समाधान दिवस में अचानक पहुंचे एसपी, शिकायतों के निस्तारण के दिये निर्देश

## कोतवाली के औचक निरीक्षण में एसपी ने अभिलेखों का भी किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज।** थाना समाधान दिवस में अचानक एसपी के आ धमकने से पुलिसकर्मियों में हडकंप मच गया। एसपी दीपक भूकर ने स्थानीय लालगंज कोतवाली में एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा के साथ शिकायतों की सुनवाई की। वहीं पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली परिसर का औचक निरीक्षण भी किया। समाधान दिवस में पन्द्रह शिकायतों में दो का निस्तारण हुआ। एसपी दीपक भूकर ने शिकायतों की सुनवाई करते हुए निस्तारण के बाबत प्रभारी निरीक्षक आलोक को कड़े निर्देश दिये। उन्होने भूमि सम्बन्धी विवादों में पुलिस एवं राजस्व



टीम का गठन कराते हुए समाधान की आख्या भी दिये जाने को लेकर मातहतो की पेंच कसी। इसके बाद एसपी ने कोतवाली परिसर का निरीक्षण भी किया। मिशन शक्ति केन्द्र का निरीक्षण करते हुए पुलिस अधीक्षक ने महिला अपराधो से जुडे प्रार्थना पत्रों पर हुई कार्रवाईयों की भी समीक्षा की। एसपी ने महिला हेल्प डेस्क को प्रभावी बनाए रखते हुए शिकायतो के निस्तारण में लापरवाही न बरतने की सख्त हिदायत भी दी। एसपी ने थाना परिसर का निरीक्षण करते हुए साफ सफाई के बेहतर प्रबन्ध को लेकर भी मातहतो को कर्रा किया। वही एसपी ने आगन्तुक पंजीकरण, अपराध रजिस्टर, शस्त्र रजिस्टर, मालखाना, सीसीटीएनएस पोर्टल के भी अभिलेखों का निरीक्षण किया। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार ने पुलिस अधीक्षक को वांछित जानकारियां प्रदान की।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 137335 वादों का किया गया निस्तारण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शनिवार को जनपद न्यायालय परिसर, प्रतापगढ़ में राष्ट्रीय लोक अदालत का विधिवत उद्घाटन जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतापगढ़ राजीव कमल पाण्डेय द्वारा मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। जनपद न्यायाधीश द्वारा सभी न्यायिक अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अधिक से अधिक संख्या में आपसी सुलह समझौते से मुकदमों का निस्तारण लोक अदालत में करें, जिससे अधिक से अधिक वादकारियों को लाभ मिल सके। कार्यक्रम का संयोजन संचालन रामलाल द्वितीय अपर जिला जज प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतापगढ़ ने किया। इस अवसर पर समस्त न्यायिक अधिकारीगण एवं अधिवक्ता संगठनों के पदाधिकारीगण वरिष्ठ अधिवक्तागण मध्यस्थगण, पैनल अधिवक्तागण लीगल एड डिफेन्स काउन्सेल एवं पी0एल0वी0गण उपस्थित रहे। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 137335 वादों का निस्तारण किया गया। जिनमें 6006 फौजदारी वाद, 09 एन0आई0 एक्ट, 118 विद्युत वाद, 52 मोटर दुर्घटना वाद, 31 वैवाहिक वाद 53 सिविल वाद, 921 बैंक ऋण 11 बी0एस0एन0एल0 वाद, 06 स्थायी लोक अदालत 04, उपभोक्ता फोरम कलेक्ट्रेट प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा 128720 मामले, एवं यातायात कार्यालय द्वारा 1404 वादों का निस्तारण किया गया।

उपरोक्त प्रकरणों के अन्तर्गत फौजदारी वादों में 1625750ध्-रू0 का अर्थदण्ड वसूल किया गया, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति वादों में मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के अधिकारी विजय पाल द्वारा कुल 52 मामलो में विपक्षी बीमा कम्पनियों से पीड़ित याचीगण को रू0 41224600 का प्रतिकर दिलाया गया, उत्तराधिकार वादों में 844914.74 रू0 का उत्तराधिकार प्रमाणपत्र जारी किया गया। बैंको के बकाया ऋण के 921 मामलों में बैंक एवं बकायेदारो के मध्य 5433535एवं बी0एस0एन0एल0 वादों में कुल रूपया 274485 का समझौता हुआ। परिवार न्यायालय द्वारा 31 वैवाहिक मामलों का निस्तारण कराया गया। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में पीठासीन अधिकारीप परिवार न्यायालय रीता गुप्ता तथा परामर्शदाता ममता सिंह के सहयोग से 14 वर्षो से अलग-अलग रह रहें साफिया तथा रहमान के मध्य उत्पन्न विवाद को सुलह समझौते के माध्यम से समझाकर उनके बीच उत्पन्न विवाद को समाप्त कराकर विदायी करायी गयी। के सफलतापूर्ण आयोजन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पराविधिक स्वयं सेवकों, पैनल अधिवक्तागण, मध्यस्थगण एल0ए0डी0सी0एस0 कर्मचारीगण व बैंक अधिकारियों का सहयोग सराहनीय रहा।

## मारपीट पर दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**कुंडा।** बाघराय थाना क्षेत्र के चकवड गोसाईकपुरवा गांव निवासी रामशिरोमणि के घर के पास बीते 11दिसंबर को दिन मे तीन बजे के करीब गाव के रामदुलारे आदि ने आकर घर के पास बनी दीवार को तोडकर गड्ढा खुदवाने लगे। घर पर मौजूद रामशिरोमणि की बेटी पुष्पा व पूनम व शिवानी ने विरोध किया तो रामदुलारे आदि लोगो ने पुष्पा व पूनम व शिवानी को लाठी डंडो से पीटा व जान से मारने की धमकी दी। रामशिरोमणि की तहरीर पर पुलिस ने गांव के रामदुलारे पुत्र रामसेवक व बेटे ललित गौतम के विरूद्ध विभिन्न धाराओ मे मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है

# कोहरे की चादर से ढकीसड़कें, थमी रफ्तार

### दिसंबर की शुरुआत में बढ़ी गलन, ठंड से कांपते नजर आए लोग

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी।** दिसंबर माह के पहले ही दिन मौसम ने करवट ले ली है। बीती मध्य रात्रि से क्षेत्र में घना कोहरा छा गया, जिससे जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया। कोहरे की चादर इतनी घनी रही कि सड़कों पर चल रहे वाहनों की रफ्तार काफी धीमी हो गई। दृश्यता कम होने के कारण वाहन चालक बेहद सावधानी से वाहन चलाते नजर आए।सुबह के समय हाईवे व ग्रामीण सड़कों पर कोहरे का सबसे अधिक असर देखने को मिला। दुपहिया व चार पहिया वाहन चालकों को लाइट जलाकर चलना पड़ा। वहीं स्कूल जाने वाले बच्चों, नौकरीपेशा लोगों और राहगीरों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।कोहरे के साथ गलन में भी जबरदस्त बढ़ोतरी दर्ज की गई है। ठंडी हवाओं के कारण लोग ठिठुरते नजर आए। सुबह-सुबह लोग अलाव और गर्म कपड़ों का सहारा लेते दिखाई दिए। बाजारों और चौराहों पर भी ठंड का असर साफ नजर आया।मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में ठंड और बढ़ सकती है तथा कोहरे का प्रकोप जारी रहने की संभावना है। ऐसे में प्रशासन द्वारा वाहन चालकों से सावधानी बरतने और जरूरत न होने पर घर से बाहर न निकलने की अपील की जा रही है।




# मांगो को लेकर विधायक को सौंपा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र सिंह के निर्देश पर उत्तर प्रदेश के संपूर्ण जनपदों में पत्रकारों ने विधायक को समस्या संबंधी ज्ञापन सौंपा। प्रतापगढ़ में सदर तहसील के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह की अध्यक्षता में भाजपा विधायक राजेंद्र मौर्य को पत्रकारों की सुरक्षा, सुविधा और अन्य सुविधाओं को लेकर ज्ञापन सौंपा गया।रानीगंज में धर्मेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में पत्रकारों ने सपा विधायक आर के वर्मा को ज्ञापन सौंपा।वही पट्टी तहसील अध्यक्ष बालेंद्र भूषण पांडे ने सपा विधायक राम सिंह पटेल को ज्ञापन सौंपा।कुंडा तहसील अध्यक्ष शिवराम गिरी ने विधायक विनोद सरोज को पत्रकारों की समस्या के संबंध में ज्ञापन सौंपा है।

## विद्यालय की संरक्षिका का निधन, जताया गया दुख

**अखंड भारत संदेश**



**प्रतापगढ़।** रेहुआ लालगंज स्थित सुशील तेज बहादुर इण्टर कालेज की संरक्षिका सुशीला सिंह 75 का इलाज के दौरान शुक्रवार की देर रात लखनऊ के एक अस्पताल में आकस्मिक निधन हो गया। वह लालगंज संयुक्त अधिवक्ता संघ के पूर्व उपाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह बघेल की मां भी थी। निधन की जानकारी पर शनिवार को बड़ी संख्या में साथी अधिवक्ताओं ने घर पहुंचकर दुख साझा किया। वही क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना व राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने भी परिजनों से फोनिक वार्ता कर संवेदना प्रकट की। सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू, पूर्व प्रमुख दृगपाल यादव, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, सुरेन्द्र सिंह, अनूप पाण्डेय, जान्हवी प्रताप सिंह, लाल विनोद प्रताप सिंह आदि ने भी सुशीला के निधन पर दुख जताया है।

## विवाहिता से प्रताड़ित सास व पति पहुंचे कोतवाली, दी तहरीर

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के महदहा गांव निवासी सास और पति ने अपनी बहू द्वारा प्रताड़ित किए जाने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है। पीड़ित महिला किरन विश्वकर्मा ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसकी बहू गीता पत्नी विनोद आए दिन उसे तथा उसके बेटे विनोद को प्रताड़ित करती है।आरोप है कि बहू द्वारा गाली-गलौज के साथ मार-पीट की जाती है। करीब 25 दिन पूर्व वह अपने मायके चली गई थी, जहां उसने बाइक छीन ली और पति को घर से भगा दिया। इसके बाद भी वह लगातार सास और पति को गाली-गलौज व मार-पीट की धमकी दे रही है, जिससे परिवार भयभीत है।पीड़ित महिला अपने बेटे के साथ शनिवार को पट्टी कोतवाली पहुंची और पूरे मामले से पुलिस को अवगत कराते हुए कार्रवाई की मांग की। पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई है।

## विधवा ने मकान निर्माण कार्य रोकने का लगाया आरोप, शिकायत

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के रायपुर गांव की रहने वाली विधवा महिला सुषमा पांडे पत्नी स्वर्गीय परमानंद पांडे ने पड़ोसियों द्वारा मकान निर्माण में बाधा डाले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है। पीड़िता का कहना है कि वह अपने मकान का निर्माण कराना चाहती है, लेकिन पड़ोसी लगातार विरोध कर रहे हैं और काम नहीं करने दे रहे हैं।सुषमा पांडे ने आरोप लगाया कि जब भी वह निर्माण कार्य शुरू कराती हैं, पड़ोसी मौके पर पहुंचकर विवाद करने लगते हैं और मजदूरों को डरा-धमकाकर भगा देते हैं। इससे उनका मकान निर्माण कार्य ठप पड़ा हुआ है। पीड़िता का कहना है कि वह अकेली और विधवा महिला है, जिसका फायदा उठाकर पड़ोसी उसे परेशान कर रहे हैं।पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया है कि इस संबंध में पहले भी पुलिस को सूचना दी गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने के कारण समस्या जस की तस बनी हुई है। मकान निर्माण न हो पाने से उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।विधवा महिला ने पुलिस से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराकर पड़ोसियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाए, ताकि वह बिना किसी डर के अपने मकान का निर्माण करा सके। फिलहाल पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# तमंचे के साथ सोशल मीडिया पर युवक का वीडियो वायरल

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी।** पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के नेतृत्व में जहां अपराधियों के खिलाफ लगातार सख्त कार्यवाही की जा रही है, वहीं कुछ युवक कानून का भय दिखाने के बजाय खुलेआम उसे चुनौती देते नजर आ रहे हैं।

ऐसा ही एक मामला कंधई थाना क्षेत्र से सामने आया है, जहां एक युवक तमंचे के साथ वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर भौकाल दिखाता हुआ नजर आ रहा है।प्राप्त जानकारी



के अनुसार वायरल वीडियोयुवक हाथ में तमंचा लहराते हुए खुद को दबंग दिखाने की कोशिश कर रहा है। बताया जा रहा है कि यह वीडियो भौकाल बनाने और इलाके में खौफ कायम करने की सनक में बनाया गया है, जो अब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर तेजी से वायरल हो रहा है।स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह के वीडियो से आम जनता में डर का माहौल बनता है, खासकर युवाओं पर इसका गलत असर पड़ता है। लोगों का यह भी कहना है कि जब जिले में लगातार अपराधियों पर पुलिस की कार्यवाही चल रही है, तब भी इस तरह खुलेआम अवैध हथियार के साथ वीडियो बनाना पुलिस व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। फिलहाल युवक के खिलाफ अवैध हथियार रखने, सोशल मीडिया के माध्यम से दहशत फैलाने और कानून व्यवस्था को चुनौती देने जैसी धाराओं में सख्त कार्यवाही की जाए, ताकि भविष्य में कोई और इस तरह की हरकत करने की हिम्मत न कर सके।

## युवती के अपहरण व दुश्कर्म का आरोप, शिकायत एसपी से

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी।** युवती के अपहरण व दुश्कर्म का आरोप लगाते हुए परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी है। इतना ही नहीं गैर समुदाय के कुछ लोग धर्म परिवर्तन कराने का भी प्रयास किया। मामले में पीड़ित परिजन ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देते हुए कारवाई की मांग की है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि युवती को बहला-फुसलाकर घर से बाहर ले जाया गया, जिसके बाद उसके साथ दुष्कर्म किया गया। परिजनों का कहना है कि आरोपियों द्वारा युवती पर दबाव बनाकर धर्म परिवर्तन कराने की भी कोशिश की गई। घटना के बाद से पीड़ित परिवार में भय और आक्रोश का माहौल है।पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाया कि स्थानीय स्तर पर शिकायत के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी, जिसके चलते उन्होंने सीधे पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।वहीं, पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शिकायत को गंभीरता से लिया गया है। मामले की जांच कराई जा रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का यह भी कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।फिलहाल यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है और लोग पुलिस की कार्रवाई पर नजर बनाए हुए हैं।

## मारपीट की घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत, कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मारपीट की घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान लखनऊ के एक अस्पताल में शुक्रवार



की रात मौत हो गयी। युवक की मौत की सूचना घर पहुंचने पर परिजनो मे कोहराम मच गया। सांगीपुर थाना क्षेत्र के लखनपुरसूर गांव में दो पक्षो मे बीते रविवार को मारपीट हुई थी। मारपीट की घटना में कार्रवाई न होने पर मृतक पक्ष के परिजनो ने शुक्रवार को घायल को थाने के सामने चारपाई पर ले जाकर रोड पर हंगामा भी किया था। इसके बाद घायल को उपचार के लिए लखनऊ के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। मारपीट की घटना में प्रदीप यादव समेत आठ लोगों के खिलाफ केस भी दर्ज हुआ है। मृतक पक्ष में आरोपियो की गिरफ्तारी न होने को लेकर शुक्रवार को आक्रोश फैल गया। थाने के सामने हंगामा कर परिजनों ने आरोपियो के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मारपीट की घटना में घायल शुक्रवार की रात जगदीश प्रसाद कोरी के पुत्र अनन्त बहादुर कोरी 28 की मौत हो गयी। मृतक पैर से दिव्यांग था। लखनऊ में ही शनिवार को उसका पीएम कराया गया। मृतक युवक के भाई पवन कुमार ने बताया कि शव देर रात तक घर पहुंचने की संभावना है। वहीं पारिवारिक सूत्रों के मुताबिक मारपीट की घटना में घायल पूनम देवी पत्नी पवन कुमार, भगवानदीन व अयोध्या प्रसाद की भी स्थिति गंभीर बनी हुई है। घायलो का जिला अस्पताल में इलाज जारी है। सूत्रों के मुताबिक युवक की मौत को लेकर सांगीपुर पुलिस आरोपियो की गिरफ्तारी को लेकर मशक्कत में जुटी हुई है।

# शादी का झांसा देकर दुश्कर्म करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी।** थाना कंधई पुलिस ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देश पर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई।अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी शैलेन्द्र लाल एवं क्षेत्राधिकारी पट्टी मनोज कुमार सिंह रघुवंशी के कुशल पर्यवेक्षण में थाना कंधई प्रभारी निरीक्षक सत्येन्द्र सिंह भदौरिया के नेतृत्व में उप निरीक्षक मिथिलेश चौरसिया मय हमराह कांस्टेबल राहुल कुमार द्वारा वांछित अभियुक्त की तलाश की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर थाना कंधई क्षेत्र अंतर्गत बोझी गांव में बंद पड़ी ईंट भट्ठे के पास मेन रोड किनारे से अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार



अभियुक्त की पहचान शैलेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र गुड्ड सिंह निवासी वैदिकपुर, थाना पीपरपुर, जनपद अमेठी के रूप में हुई है। अभियुक्त के विरुद्ध थाना कंधई में मुकदमा दर्ज था और वह लंबे समय से फरार चल रहा था।पुलिस ने अभियुक्त को विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## प्रवेश परीक्षा मे 203छात्रो ने छोड़ी परीक्षा

**अखंड भारत संदेश**

**कुंडा।** जवाहर नवोदय विद्यालय मे कक्षा छह की प्रवेश परीक्षा शनिवार को आर एस बी इन्टर कालेज सुन्दरगंज मे सम्पन्न हुई। प्रवेश परीक्षा मे कुल 367परीक्षार्थियो को शामिल होना था, जिसमे कुल 164परीक्षार्थी ही परीक्षा मे शामिल हुए। 203 परीक्षार्थियो ने प्रवेश परीक्षा मे शामिल न होकर प्रवेश परीक्षा से किनारा कर लिया। परीक्षा की कमान प्रधानाचार्य रमाकान्त अनिल ने संभाली थी पर्यवेक्षिका के रूप मे जवाहर नवोदय विद्यालय प्रतापगढ से लाली मौजूद रही। व्यवस्था मे खंड शिक्षा अधिकारी बिहार बंशीधर पान्डेय व कमलेश पांडेय मनोज मिश्र आदि रहे।

## लालगंज व सांगीपुर में सकुशल सम्पन्न हुई नवोदय प्रवेश परीक्षा

**अखंड भारत संदेश**



**प्रतापगढ़।** केन्द्रीय जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा शनिवार को सकुशल सम्पन्न हुई। स्थानीय लालगंज ब्लाक के अर्न्तगत अवधेश विद्या निकेतन इण्टर कालेज तथा सांगीपुर में गांधी इण्टर कालेज में प्रवेश परीक्षा आयोजित हुई। प्रवेश परीक्षा में बड़ी संख्या में छात्रों को शामिल देखा गया। लालगंज अविनि इण्टर कालेज में दो सौ बीस परीक्षार्थियो में पैतीस अनुपस्थित रहे। परीक्षा की देखरेख प्रधानाचार्य सुरेश सिंह, सीएलओ क्षिप्रा सिंह, खण्ड शिक्षा अधिकारी सुरेश सिंह ने किया। वही सांगीपुर के गांधी इण्टर कालेज में एक सौ नब्बे परीक्षार्थियो मे साठ बच्चे अनुपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0 अमिताभ शुक्ल ने बताया कि परीक्षा कक्षों की निगरानी सीसी कैमरे से भी की गयी। परीक्षा को लेकर नवोदय विद्यालय के पर्यवेक्षक भी विद्यालय में निगरानी करते दिखे। प्रवेश परीक्षा को लेकर दोनों विद्यालयो के बाहर फोर्स को भी एहतियातन तैनात देखा गया।

# न्यायमूर्ति शेखर बी सराफ ने किया लोक अदालत का उद्घाटन

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** जिला एवं सत्र न्यायालय में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया जिला एवं सत्र न्यायालय के प्रशासनिक न्याय मूर्ति उच्च न्यायालय लखनऊ बेंच माननीय न्यायमूर्ति बी .आर.सर्राफ को मॉडल डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन कौशाम्बी के अध्यक्ष दिलीप कुमार पाण्डेय ने कौशाम्बी आगमन पर अंग वस्त्र,स्मृति चिन्ह एवं बुके देकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। प्रशासनिक न्यायमूर्ति शेखर बी सराफ ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर लोक अदालत का उद्घाटन किया।यह आयोजन राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण और उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर हुआ। अपर जनपद न्यायाधीश और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव पूर्णिमा प्रांजल ने बताया कि इस लोक अदालत में 40 हजार मुकदमों के निस्तारण का लक्ष्य रखा गया है।लोक अदालत में बिजली के बकाया बिल, बैंक ऋण और यातायात पुलिस के चालान जैसे विभिन्न मामलों का सुलह समझौते के आधार पर निपटारा किया गया। मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति सराफ ने न्यायालय परिसर में पौधा रोपण भी किया। इस अवसर पर जिला जज जेपी यादव, जिला विधिक सेवा

**40 हजार मामलों के निस्तारण का लक्ष्य कौशांबी में राष्ट्रीय लोक अदालत का हुआ आयोजन, मॉडल डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ने किया न्याय मूर्ति का स्वागत**



प्राधिकरण की नोडल अधिकारी शीरीन जैदी, चीफ डिफेन्स कौंसिल अमित कुमार मिश्रा, डिप्टी डिफेन्स कौंसिल अख्तर अहमद, माडल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दिलीप कुमार पांडेय और महामंत्री तुषार तिवारी सहित कई अन्य अधिकारी वा अधिवक्ता भी मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत : कुल 32666 वादों का निस्तारण कर 4,81.08.654 रुपए वसूला गया

**कौशांबी।** उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कौशाम्बी के तत्वाधान में 13 दिसम्बर को माननीय प्रशासनिक न्यायमूर्ति श्री शेखर बी सराफ एवं जनपद न्यायाधीश श्री जे०पी० यादव की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलित कर किया गया। उक्त आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में जिला कारागार, कौशाम्बी, किशारों एवं महिलाओं तथा स्वयं सहायता समूह/गैर सहायता संगठनों द्वारा तैयार किये गये उत्पादों के प्रदर्शना एवं बिकी हेतु स्टॉल लगवाये गये, चिकित्सा विभाग द्वारा फी चेकअक कैम्प स्टॉल लगाये गये दिव्यांगों की सुविधा हेतु व्हील चेयर भी उपलब्ध रहे। वादों के निस्तारण के क्रम में माननीय जनपद न्यायाधीश द्वारा 02 वादों का निस्तारण कर 500/-रू0 का अर्थदण्ड वसूला गया। माननीय प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय द्वारा कुल 40 परिवारिक वादों का निस्तारण। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण न्यायालय द्वारा 54 वादों का निस्तारण कर प्रतिकर के रूप में 2,06,86,000/- रू० दिलाया गये अपर जनपद न्यायाधीश प्रथम द्वारा 01 वाद का निस्तारण कर 500/-रू0। अपर जनपद न्यायाधीश / विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी द्वारा 04 वादों का निस्तारण कर 2,000/-रू०। अपर जनपद न्यायाधीश / विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट द्वारा 07 यादों का निस्तारण कर



3,500/-रू०। अपर जनपद न्यायाधीश-तृतीय द्वारा कुल 02 यादों का निस्तारण किया गया। अपर जनपद न्यायाधीश/त्वरित न्यायालय-प्रथम द्वारा विद्युत अधिनियम के 139 यादों निस्तारण कर 500/-रू० अपर जनपद न्यायाधीश/त्वरित न्यायालय-द्वितीय द्वारा कुल 01 वाद का निस्तारण कर 500/- मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा कुल 1526 फौजदारी वादों का निस्तारण कर 8,95,240/- रू० अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट / सिविल जज सी०डि० द्वारा कुल 287 वादों का निस्तारण कर 3,100/- रू० का अर्थदण्ड अधिरोपित करने के अतिरिक्त 22,91,177 रू0 का उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किया गया। सिविल जज सी०डि०/त्वरित न्यायालय द्वारा 118 वादों का निस्तारण कर 1,030/-रू०। सिविल जज जू०डि० द्वारा कुल 220 वादों का निस्तारण के अतिरिक्त 50,951/- रू० का उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किया गया। न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा 216 वादों का निस्तारण कर 12,000/- रू०। अपर सिविल जज जू०डि० द्वितीय द्वारा 68 वादों का निस्तारण कर 12,300/- रू०। सिविल जज जू०डि०/ त्वरित न्यायालय-प्रथम द्वारा कुल 241 वादों का निस्तारण कर 2,020/- रू०। ग्राम न्यायालय, चायल द्वारा कुल 102 वाद निस्तारित कर 5,220/- रू0। सिविल जज जू०डि०/ त्वरित न्यायालय-द्वितीय द्वारा कुल 131 वादों का निस्तारण कर 4,950/- रू० जिले के समस्त राजस्व न्यायालयों द्वारा 26,547 वादों व पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा 1996 वादों का निस्तारण कर 74,20,180/- रू०। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, कौशाम्बी द्वारा 05 वाद निस्तारित कर 2,46,174/- रू० न्यायालय, स्थायी लोक अदालत (जनोपयोगी सेवायें), कौशाम्बी द्वारा सुलह समझौते के आधार कुल 02 मामले का निस्तारण कर 1,25,764/- रु० का अवॉर्ड पारित किया गया तथा बैंक के ऋण वसूली वादों से सम्बन्धित जनपद के सभी बैंको के द्वारा 957 यादों का निस्तारण कर 1,63,45,048/- रू० जमा कराया गया। इस प्रकार राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 32666 वादों का निस्तारण कर 4,81.08.654 रू० वसूला गया। नोडल अधिकारी श्रीमती शीरीन जैदी द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

## न्यूज झरोखा

### जीएसटी विभाग ने कौशाम्बी में पकड़ी अवैध स्प्रेयर मशीन लदी गाड़ी



**कड़ा कौशाम्बी।** वस्तु एवं सेवा कर जीएसटी विभाग की टीम ने सैनी कोतवाली क्षेत्र के सिराथू में एक गाड़ी को जब्त किया है, जिसमें अवैध रूप से लाई गई स्प्रेयर मशीनें लदी हुई थीं बताया जा रहा है कि यह गाड़ी उत्तर प्रदेश के कन्नौज जिले के गुरसहायगंज की है जानकारी के अनुसार सिराथू कस्बे में एक दुकान पर अवैध तरीके से स्प्रेयर मशीनों को गाड़ी से उतारा जा रहा था जीएसटी विभाग को इसकी गुप्त सूचना मिली जिसके आधार पर टीम ने तत्काल कार्रवाई की मौके पर पहुंची जीएसटी विभाग की टीम ने स्प्रेयर मशीनों सहित गाड़ी को जब्त कर लिया मशीनों के संबंध में उचित दस्तावेज प्रस्तुत न कर पाने के कारण विभाग ने यह कार्रवाई की है विभाग ने सभी जब्त मशीनों और गाड़ी को अग्रिम विधिक कार्रवाई के लिए सैनी कोतवाली थाना में जमा करा दिया है। इस मामले में जीएसटी चोरी या कर अपवंचन की जांच की जा रही है।

### संदीपन घाट थाना में नायब तहसीलदार और थाना प्रभारी ने संयुक्त रूप से सुनी फरियादियों की समस्याएं



**हररायपुर कौशांबी।** संदीपन घाट थाना परिसर में आयोजित समाधान दिवस में 30 से अधिक शिकायतें दर्ज की गईं। इन शिकायतों में भूमि विवाद, आपसी झगड़े और सीमांकन से जुड़े मामले प्रमुख थे नायब तहसीलदार सौरभ सिंह और थाना प्रभारी शशिकांत मिश्रा ने संयुक्त रूप से फरियादियों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने राजस्व और पुलिस अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित और निष्पक्ष निस्तारण के निर्देश दिए इस अवसर पर उपनिरीक्षक श्री प्रकाश यादव, कानूनगो सरफराज अहमद और लेखपाल रितेन्द सिंह, ज्ञानसिंह पाल, पदमेश शुक्ला, चन्द्र भूषण, सुधांशु सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने कई मामलों में मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई की और संबंधित विभागों को निर्देश जारी किए नायब तहसीलदार सौरभ सिंह ने बताया कि समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य आमजन की समस्याओं का समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से हल करना है। थाना प्रभारी शशिकांत मिश्रा ने कानून-व्यवस्था से संबंधित मामलों में त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया समाधान दिवस में बड़ी संख्या में फरियादी अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। उन्होंने प्रशासन द्वारा समस्याओं को गंभीरता से सुने जाने और समाधान के प्रयासों पर संतोष व्यक्त किया।

### पानी को तरस रहे नगर वासियों का सड़क पर फूटा गुस्सा



**भरवारी कौशांबी।** नगर पालिका परिषद भरवारी के वार्ड नंबर 9 सुभाष चंद्र नगर भिकियापुर में पानी की समस्या से गांव के लोग काफी दिनों से जूझ रहे हैं नलकूप खराब है और उसकी मरम्मत के लिए धन वसूली की बात होती है नगर पालिका द्वारा सार्वजनिक नल में टोटी नहीं लगाई गई है गांव के लोगों को पानी की सप्लाई नहीं दी जाती है उसके बाद भी अवैध तरीके से नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा वसूली की जाती है पानी की समस्या से जूझ रहे भिखियापुर गांव के लोगों का सब्र शनिवार को टूट गया और गांव के अजय कुमार के नेतृत्व में महेश पासी धर्मेंद्र कुमार नकुल प्रसाद मातादीन वीरेंद्र कुमार बचई सहित तमाम लोगों ने पानी की समस्या के समाधान की मांग को लेकर के नगर पालिका की अध्यक्ष कविता पासी का घेराव करने नगर पालिका कार्यालय नबीपुर पहुंच गए जहां उन्होंने अध्यक्ष का घेराव किया और पानी की समस्या के समाधान की मांग की है।

### समाधान थाना दिवस के अवसर पर समस्त थानों पर जनशिकायतो को सुना गया



**कौशांबी।** थाना समाधान दिवस के अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी राजेश कुमार सिंह द्वारा थाना पश्चिम शरीरा व थाना महेवाघाट पर तथा उपजिलाधिकारी मंझनपुर एसपी वर्मा व क्षेत्राधिकारी चायल अभिषेक सिंह द्वारा थाना सराय अकिल पर जनशिकायतों को सुना गया एवं इसी क्रम में जनपद के समस्त थानों पर सम्बन्धित अधिकारी द्वारा जन शिकायतों को सुनकर कुछ प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष प्रार्थना पत्रों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया । साथ ही निर्देशित किया गया कि जमीन सम्बन्धित सभी प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की टीमों द्वारा संयुक्त रूप से मौके पर जाकर प्रकरण का निस्तारण किया जाये, जिससे फरियादियों को अलग-अलग भटकना ना पड़ें व प्रकरणों का त्वरित व न्यायपूर्ण निस्तारण हो सकें जनपद में कुल 48 मामले 42 भूमि विवाद व 06 अन्य विवाद पुलिस के प्राप्त प्रार्थना पत्रों में से 09 मामले 08 भूमि विवाद व 01 अन्य विवाद पुलिस का मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु टीमों का गठन कर मौके पर रवाना किया गया।



# थाना दिवस सैनी में जन शिकायतों का हुआ निस्तारण, तीन प्रार्थना पत्र राजस्व विभाग को संदर्भित

**कड़ा कौशांबी।** सैनी कोतवाली में आयोजित दिवस थाना कार्यक्रम के दौरान जनसामान्य से प्राप्त शिकायतों और प्रार्थना पत्रों पर त्वरित कार्रवाई पुलिस द्वारा की गई कुल पाँच प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिनमें से दो का निस्तारण मौके पर ही सफलतापूर्वक कर दिया गया शेष तीन प्रार्थना पत्र राजस्व विभाग से संबंधित पाए गए इन मामलों को शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित हल्का उपनिरीक्षक एसआई और हल्का लेखपाल को निर्देशित किया गया है। कार्यक्रम में थाना प्रभारी धर्मेंद्र सिंह और सिराथू एसडीएम योगेश कुमार गौड़ की उपस्थिति विशेष रूप से रही इनके अलावा अन्य आवश्यक कर्मचारी भी उपस्थित रहे जिन्होंने जनसुनवाई को सुचारू बनाने में सहयोग किया अधिकारियों ने यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं कि राजस्व से संबंधित लंबित प्रार्थना पत्रों का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर और समयबद्ध तरीके से हो, ताकि फरियादियों को राहत मिल सके।

### महिला के कब्जे से 09 लीटर अवैध शराब बरामद

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अवैध मादक पदार्थों के निष्कर्षण/बिक्री के विरूद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में थाना महेवाघाट पुलिस टीम द्वारा 12.12.2025 को चेकिंग के दौरान माया देवी पत्नी स्व0 शाधू निषाद नि0 ग्राम मुबारकपुर थाना महेवाघाट के कब्जे से 45 पाऊच अवैध देशी शराब (लगभग 09 लीटर अवैध देशी शराब) बरामद की गयी गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना पर मु0अ0सं0 161/25 धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

### वारण्टी अभियुक्त को सैनी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में थाना सैनी पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 42/16 धारा 279/337/338 भादवि से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त सुरेन्द्र कुमार पुत्र मथुरा प्रसाद निवासी मनकापुर थाना सैनी को गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया।

# कार से टकराए बाइक सवार दंपत्ति महिला की मौत पति घायल

## बीमार पत्नी का इलाज कराने जा रहा था पति

अखंड भारत संदेश

**महेवा घाट कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र के मोअज्जम गेट के पास शनिवार की दोपहर बाइक सवार दंपति को तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी हैं इस दुर्घटना में पत्नी की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई है और पति गंभीर रूप से घायल है दुर्घटना देखकर आसपास से लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया है और मृतक महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक सराय अकिल थाना क्षेत्र के इसीपुर गांव निवासी रामराज पाल अपनी पत्नी मीना देवी को बाइक में लेकर उसका इलाज कराने कल्याणपुर जा रहे थे जैसे ही



बाइक सवार करारी थाना क्षेत्र के मोअज्जम पुर गेट के पास पहुंचे तेज रफ्तार कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार दंपति सड़क पर गिर पड़े हैं इस दुर्घटना में महिला मीना देवी की दर्दनाक मौत हो गई है और पति रामराज पाल गंभीर घायल है आसपास के लोगों ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दी है पुलिस ने मौके में पहुंचकर घायल पति को इलाज के लिए अस्पताल भेजा है और महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया है।

# वेवजह न खाए एंटीबायोटिक्स बढ़ रही है जटिलताएं

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी मेडिकल कालेज कौशाम्बी मे हुआ एंटीमाइक्रोवियल रेसिस्टिंस के बढ़ते खतरे के उपर जागरूकता कार्यक्रम**

**टेढ़ीमोड़ कौशांबी।** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय कौशाम्बी के माइक्रोवायलोजी विभाग एवं फामाकोलाजी विभाग द्वारा विश्व एंटी माइक्रोवियल रेसिस्टेंस जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन 13 दिसम्बर को किया गया इस कार्यक्रम का उद्देश्य एंटीमाइक्रोवियल रेसिस्टेंस के बढ़ते खतरे के बारे में जागरूकता बढ़ाना और इसके प्रभावी उपयोग को प्रोत्साहित करना था। प्रधानाचार्य प्रो0 (डा0) हरिओम कुमार सिंह, द्वारा बताया गया कि एंटी माइक्रोवियल रेसिस्टेंस एक ऐसी स्थिति है जहां जीवाणु, वायरस, फंगी और अन्य रोगाणु एंटी माइक्रोवियल दवाओं के प्रभाव का प्रतिरोध करने लगते है। इन दवाओं की प्रभावशीलता कम हो जाती है और रोगों का इलाज मुश्किल हो जाता है। जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर आम जनमानस को



जागरूक किया गया। डा0 अरिन्द चक्रवर्ती विभागध्यक्ष माइक्रो वायोलॉजी विभाग एवं स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने एंटी माइक्रोवियल प्रतिरोध प्ररियोजना (ए0एम0आर0) के अन्तर्गत एंटीमाइक्रोवियल रेसिस्टेंस के कारणों और इसके प्रभावो पर चर्चा की। उन्होने एंटीमाइक्रोवियल दवाओं के उचित उपयोग एवं महत्व पर जोर दिया और कहा कि इन दवाओं का उपयोग केवल डॉक्टर के सलाह पर ही लें अनावश्यक रूप से न ले। डा0 आत्मिक सिंह सह आयार्य फामाकोलॉजी विभाग ने बताया कि एंटी माइक्रोवियल रेसिस्टेंस एक वैश्विक स्वास्थ्य संकट है, एंटीमाइक्रोवियल दवाओं का अधिक उपयोग और दुरूपयोग इसके मुख्य कारण है एंटीमाइक्रोवियल रेसिस्टेंस को रोकने के लिए हमें प्रभावी एवं कारगर दवाओ का उचित उपयोग करना होगा। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विशेषज्ञो ने लोगो को जागरूक करने के लिए कई सुझाव दियें।कार्यक्रम के अन्त में कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए प्रधानाचार्य प्रो0 (डा0) हरिओम कुमार सिंह, डा0 अरिन्दम चक्रवर्ती विभागाध्यक्ष माइक्रो वायोलॉजी विभाग एवं डा0 अत्मिक सिंह फामाकोलॉजी विभाग एवं उनकी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर, डा0 सुनील कुमार शुक्ल मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, डा0 विश्व प्रकार चिकित्सा अधीक्षक, डा0 सौरभ कृष्ण मिश्रा उपप्रधानाचार्य, डा0 सुरभि प्रकाश, डा0 अंजन दास, डा0 सरस्वती जाएसवाल यादव, डा0 राकेश कुमार शुक्ला, डा0 संजीव सिंह डा0 अंकित तिवारी, डा0 शिवम विश्नोई, डा0 मृदुला रंजन, डा0 सन्दीप कुमार, डा0 नन्दनी राधव, डा0 प्रतिमा त्रिपाठी, एवं अन्य चिकित्सक तथा एम0बी0बी0एस0 प्रथम वर्ष के छात्र उपस्थित रहे।

# राजस्व अधिकारी न आने फरियादियों के साथ खिलवाड़ फरियादी परेशान



**कोखराज कौशाम्बी।** थाना समाधान दिवस के अवसर पर कोखराज थाने में शनिवार को थाना दिवस का आयोजन किया गया था समाधान दिवस पर थानेदार चन्द्र भूषण मौर्य ने फरियादियों की समस्याओं को सुना समाधान दिवस में राजस्व विभाग के किसी भी अधिकारी के न होने से फरियादियों को न्याय नही मिल पाने का मलाल रहा वहां उपस्थित फरियादियों में मायूसी दिखी जमीन संबंधित समस्याओं का समाधान पूर्णतः राजस्व अधिकारी के न आने से नहीं हुआ जिससे फरियादी परेशान दिखे इस मौके पर राजस्व विभाग के किसी अधिकारी के न आने से शिकायत कर्ता अपनी शिकायत एसओ कोखराज को दर्ज करा कर वापस लौट गए कुछ फरियादियों की समस्याओं को लेखपालों की मदद से निपटारा कराया समाधान दिवस केवल खाना पूर्ति दिवस बन कर रह गया हैं राजस्व से सम्बंधित मामलों को बिना राजस्व विभाग के अधिकारी के आखिर कौन निस्तारण कराएगा मौके पर एसओ कोखराज चन्द्र भूषण मौर्य ने फरियाद को सुना व शिकायत दर्ज कर निस्तारण का भरोसा दिलाया जबकि भूमि निस्तारण का मामला बिना राजस्व अधिकारी के नही हो सकता फिर भी जिले के जिम्मेदार मौन हैं। समाधान दिवस के मौके पर 10 मामले आये जिसमें कुछ मामले पत्थर गढ़ी से लेकर नाप जोख का मामला था जिसमें जमीन सम्बंधित मामले व रास्ते के विवाद जैसे मामले की शिकायत दर्ज की गई जिसमें मौके पर 4 मामले का निस्तारण किया गया बाकी 6 मामले को जांच कर कर्यवाही का अस्वासन दिया गया मौके पर कानून गो सोहन लाल, कानून गो रोहित अग्रहरि ,लेखपाल सरफराज ,कमल सिंह,शिव शंकर पाल, रवि विश्वकर्मा, पवन राय, जगदीश यादव, अपर्णा श्रीवास्तव सुनील द्विवेदी,अनुराधा वर्मा आदि लोगो की उपस्थिति में समाधान दिवस सम्पन्न हुआ।

# 32 वर्षों की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए उप-प्रधानाचार्य सुधाकर सिंह का भवंस मेहता विद्याश्रम में भावुक सम्मान समारोह

अखंड भारत संदेश

**विद्यालय के अत्यंत पुराने कर्मठ कर्मचारी योगेंद्र सिंह उर्फ पहलवान के दीर्घ सेवाकाल के बाद सेवानिवृत्त होने पर हुआ सम्मान**

**भरवारी कौशांबी।** भवंस मेहता विद्याश्रम भरवारी शनिवार को उस ऐतिहासिक और भावनात्मक क्षण का साक्षी बना, जब विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य सुधाकर सिंह ने अपने जीवन के 32 वर्षों की निष्ठावान, समर्पित एवं प्रेरणादायी सेवा पूर्ण कर औपचारिक रूप से सेवानिवृत्ति ग्रहण की। इस अवसर पर विद्यालय परिसर भावनाओं, सम्मान और कृतज्ञता से भर उठा। सेवानिवृत्ति समारोह की अध्यक्षता विद्यालय के निदेशक संदीप सक्सेना ने की। उनके साथ कोषाध्यक्ष प्रोफेसर प्रशांत अग्रवाल प्रधानाचार्य बलाय्या गंगाराबोयिना स्कूल कोऑर्डिनेटर श्री मोहम्मद नसीम,शिक्षक श्री अवधेश मिश्रा तथा समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में सुधाकर सिंह के कार्यकाल को विद्यालय की मजबूत शैक्षिक नींव का आधार बताया। कार्यक्रम के दौरान निदेशक



संदीप सक्सेना ने सुधाकर सिंह को भेंट स्वरूप शाल ओढ़ाकर एवं प्रधानाचार्य,स्कूल कॉर्डिनेटर तथा समस्त शिक्षकों के द्वारा माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया।समस्त शिक्षकों ने कहा कि उन्होंने न केवल एक कुशल प्रशासक के रूप में बल्कि एक अनुशासित, संवेदनशील एवं मार्गदर्शक शिक्षक के रूप में हजारों विद्यार्थियों के जीवन को दिशा दी। उनके योगदान को विद्यालय के इतिहास में स्वर्णिम अध्याय के रूप में सदैव स्मरण किया जाएगा।इस अवसर पर उनके साथ उनकी पत्नी एवं पुत्र की उपस्थिति ने समारोह को और भी भावुक बना दिया।उनको भी साल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इसी गरिमामय अवसर पर विद्यालय के अत्यंत पुराने और कर्मठ कर्मचारी योगेंद्र सिंह उर्फ पहलवान भी अपने दीर्घ सेवाकाल के बाद सेवानिवृत्त हुए। विद्यालय परिवार द्वारा उनका भी आत्मीय सम्मान किया गया। निदेशक संदीप सक्सेना ने योगेंद्र सिंह के कार्यकाल को विद्यालय की निरंतर प्रगति में महत्वपूर्ण बताते हुए उनके योगदान की भूरि-भूरि प्रशंसा की।समारोह के दौरान शिक्षक, कर्मचारी एवं दोनों सेवानिवृत्त कर्मी भावुक हो उठे। आंखें नम थीं, लेकिन चेहरे पर गर्व और संतोष झलक रहा था। यह अवसर केवल विदाई का नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और संस्थान के प्रति निष्ठा को नमन करने का था।अंत में विद्यालय परिवार ने सुधाकर सिंह एवं योगेंद्र सिंह के स्वस्थ,सुखद एवं सम्मानपूर्ण सेवानिवृत्त जीवन की कामना करते हुए उन्हें आत्मीय विदाई दी। यह समारोह भवंस मेहता विद्याश्रम की परंपरा, संस्कार और मानवीय मूल्यों का जीवंत उदाहरण बन गया।

# अफसर वा व्यापारियों की साठगांठ से खाद की ओवररेटिंग में होता है अरबों के व्यापार में करोड़ों का काला कारोबार

अखंड भारत संदेश

**विभागीय अधिकारियों की अनदेखी के चलते निर्धारित मूल्य से अधिक यूरिया उर्वरक लेने के लिए किसान हो गया है मजबूर**

**कौशांबी।** कृषि विभाग के अफसर और व्यापारियों के गठजोड़ के चलते बीते कई वर्षों से जिले का किसान लुटने को मजबूर हो गया है कृषि विभाग के अधिकारियों और व्यापारियों की साठगांठ से खुलेआम खाद की ओवर रेटिंग होती है निर्धारित मूल्य से अधिक 50 रुपए प्रति बोरी यूरिया में अधिक वसूली व्यापारी खुले आम करते हैं और कानून हवाला का पाठ पढ़ाने वाले कृषि विभाग के अधिकारी व्यापारियों की ओवर रेटिंग पर चुप्पी साध जाते हैं जिससे पूरे जिले का किसान व्यापारियों की दुकान में ओवर रेटिंग की खाद लेने को मजबूर है ओवर रेटिंग की खाद बेचकर प्रत्येक वर्ष करोड़ों रुपए की काली कमाई उर्वरक व्यापारी खुले आम करते हैं जिसमें उर्वरक व्यापारियों से अपना हिस्सा वसूलकर कृषि विभाग के अधिकारी मौज करते हैं वसूली के लिए विभाग के कर्मचारियों को जिम्मेदारी सौंप दी गई है। गौरतलब है कि जिले में प्रत्येक वर्ष लाखों बोरी यूरिया उर्वरक की बिक्री होती है इसके अलावा डीएपी उर्वरक की भी बड़ी संख्या में बिक्री होती है जिसमें भी ओवर रेटिंग होती है यूरिया उर्वरक की बोरी में 50 रुपए की ओवर रेटिंग कर करोड़ों की काली कमाई उर्वरक व्यापारियों द्वारा प्रति वर्ष खुलेआम की जाती है उर्वरक के कालाबाजारी में पूरा रैकेट सक्रिय है और इस गिरोह को तोड़ने का प्रयास बीते कई वर्षों के बीच कोई अधिकारी नहीं कर सका कुछ वर्षों के बीच व्यापारियों ने काली कमाई से अकूत संपत्ति अर्जित की है बीते कई वर्षों पूर्व यूरिया खाद की ओवर रेटिंग का यह धंधा तेजी से शुरू हुआ है जो बंद होने का नाम नहीं ले रहा है डीएपी उर्वरक में भी कालाबाजारी खुलेआम होती है विभागीय अधिकारियों की अनदेखी के चलते निर्धारित मूल्य से अधिक यूरिया उर्वरक डीएपी उर्वरक लेने के लिए किसान मजबूर हो गया है और ओवर रेटिंग की खाद लेने को अब किसान अपनी आदत समझ चुका है लेकिन सवाल उठता है कि पूरे जिले में खुलेआम ओवर रेटिंग की बिक रही यूरिया डीएपी खाद की जानकारी कृषि अधिकारियों को क्या नहीं है तो सवाल उठता है कि कृषि अधिकारी योजनाओं की मॉनिटरिंग कैसे करते हैं कि विभाग की योजनाओं में उर्वरक व्यापारियों द्वारा लूट मचाई गई है और कृषि विभाग के अधिकारियों को जानकारी नहीं होती है या फिर लूट के धंधे में शामिल उर्वरक व्यापारियों से अपना हिस्सा वसूल कर कृषि विभाग के अधिकारी चुप्पी साथ जाते हैं जो बड़ी जांच का विषय है यदि शासन प्रशासन ने मामले में जांच कराई तो उर्वरक की ओवर रेटिंग कर किसानों को लूटने के इस खेल का भंडाफोड़ होगा और व्यापारियों के साथ-साथ कृषि विभाग के अधिकारियों पर भी बड़ी कार्यवाही होगी।

# सम्पादकीय

## चुनाव सुधार पर अहम चर्चा

**लोकसभा** में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी 'वोट चोरी' के कृत्य को अंजाम देकर सबसे बड़ा देशविरोधी काम कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा और संघ 'द आइडिया ऑफ इंडिया' यानी भारत की अवधारणा को नष्ट कर रहे हैं। राहुल गांधी पहले भी वोट चोरी के इल्जाम लगाते हुए कई सबूत भी पेश कर चुके हैं, जिनमें महाराष्ट्र, हरियाणा और कर्नाटक में मतदाता सूची में बड़ी गड़बड़ियां सामने आई हैं। नेता प्रतिपक्ष के इन आरोपों पर भाजपा ने हमेशा चुनाव आयोग का बचाव किया है और खुद चुनाव आयोग ने भी इन आरोपों का तार्किक जवाब देने की जगह इन पर फेक का ठप्पा लगाकर खारिज कर दिया है। लेकिन लोकतंत्र इतने उथलेपन के साथ नहीं चल सकता कि विपक्ष के आरोपों को गलत कहकर अपनी जिम्मेदारी से बरी हुआ जाए। सरकार और चुनाव आयोग दोनों को इस बात का जवाब देना होगा कि आखिर मतदाता सूची में तथाकथित शुद्धिकरण की जरूरत अभी क्यों पड़ी है।

बिहार के बाद चुनाव आयोग ने देश के 12 और राज्यों में मतदाता सूची का एसआईआर करवाया है, आज यानी 11 तारीख को एसआईआर के लिए फॉर्म भरने की आखिरी तारीख है। पहले यह मियाद 4 दिसंबर तक थी, लेकिन जब चुनाव आयोग को खुद यह समझ आया कि इतनी जल्दी करोड़ों मतदाताओं की सूची फिर से तैयार नहीं हो सकती तो तारीख आगे बढ़ाई गई। हालांकि विपक्ष पहले ही इस जल्दबाजी पर सवाल उठा रहा था। एसआईआर का मामला अदालत में भी है, लेकिन चुनाव आयोग ने न बिहार चुनाव के वक्तविपक्ष की आपत्तियों और लोगों की तकलीफों पर ध्यान दिया न अब दे रहा है।

इस बीच एसआईआर के काम में लगे कई बीएलओज की अकाल मौत या गंभीर रूप से बीमार होने की खबरें आ चुकी हैं। मगर चुनाव आयोग ने यह माना ही नहीं कि बीएलओज पर काम का या कुछ खास समुदायों के वोट काटने का दबाव है। एसआईआर से जुड़े ऐसे कई सवालों पर विपक्ष सदन में भी चर्चा चाहता था ताकि देश को इस बारे में सरकार का आधिकारिक नजरिया पता चले। पिछले मानसून सत्र में विपक्ष की इस मांग को सरकार ने टाल दिया था, लेकिन शीतकालीन सत्र में सरकार अपनी जिद पर टिक नहीं पाई। एसआईआर तो नहीं लेकिन चुनाव सुधार के नाम पर चर्चा के लिए सरकार राजी हुई। अब इसमें विपक्ष ने जो मुद्दे उठाए हैं, उनके बेतुके जवाब भाजपा दे रही है।

गौरतलब है कि राहुल गांधी ने लोकसभा में चुनाव सुधारों पर चर्चा के दौरान न केवल एसआईआर की बात की, बल्कि भाजपा और संघ के लोकतंत्र से खिलवाड़ पर हमला भी किया। उन्होंने बताया कि महात्मा गांधी की हत्या के बाद इनके 'प्रोजेक्ट' का अगला हिस्सा भारत के संस्थागत ढांचे पर कब्जा करने का था। राहुल ने दावा किया, 'आरएसएस ने एक-एक करके संस्थाओं पर कब्जा शुरू कर दिया। सब लोग जानते हैं कि विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति कैसे होती है। निर्वाचन आयोग, विश्वविद्यालयों, खुफिया एजेंसियों, जांच एजेंसियों और आयकर विभाग जैसी संस्थाओं पर कब्जा किया जा रहा है।' राहुल गांधी ने कहा कि देश 1.5 अरब लोगों का ताना-बाना है जो वोट के माध्यम से बुना हुआ है।

# यूनेस्को ने दीपावली को विश्व धरोहर घोषित किया

-: ललित गर्ग:-

**यूनेस्को** द्वारा दीपावली को अमूर्त विश्व धरोहर घोषित किया जाना भारत की सांस्कृतिक चेतना का ऐसा महत्त्वपूर्ण क्षण है, जो न केवल भारतीयों को गौरवान्वित करता है बल्कि यह सिद्ध करता है कि भारतीय सभ्यता की आत्मा आज भी मानवता का मार्गदर्शन करने की क्षमता रखती है। दीपावली मात्र एक त्योहार नहीं, बल्कि जीवन, आत्मा, संबंध, समरसता और विश्वबंधुत्व का प्रकाशग्रंथ है। यह वह विरासत है जो हजारों वर्षों से मानव को अंधकार से प्रकाश, अज्ञान से ज्ञान, ईर्ष्या से प्रेम और भय से विश्वास की यात्रा पर ले जाती रही है।

दीपावली की महिमा को समझना अर्थात भारतीय संस्कृति की गहराई को समझना। यह संस्कृति केवल मंदिरों, शास्त्रों, उत्सवों और अनुष्ठानों में नहीं बसती, बल्कि मनुष्य की स्मृति, संवेदना, आस्था और जीवन व्यवहार में प्रवाहित होती है। इसीलिए इसे ह्यअमूर्तह्न कहा जाता है, क्योंकि यह मूर्त नहीं, परंतु सबसे अधिक जीवंत है। दीपावली इसी जीवंतता का सर्वोच्च उत्सव है।

जब अयोध्या की रामपैड़ी पर 26.17 लाख दीपकों ने एक साथ जगमग कर दुनिया को चमत्कृत किया, तब वह दृश्य सिर्फ दीयों का समुद्र नहीं था, बल्कि भारत की सांस्कृतिक रोशनी का वैश्विक उद्घोष था, एक ऐसा उद्घोष जिसने दुनिया को यह विश्वास कराया कि भारत की परंपराएं आज भी सार्वभौमिक प्रेरणा शक्ति हैं। यूनेस्को का निर्णय इसी चमत्कार की परिणति है।

दीपावली के केंद्र में केवल पूजा-पाठ नहीं, बल्कि जीवन का दर्शन है। यह पर्व मनुष्य को याद दिलाता है कि हर कठिनाई, हर पीड़ा, हर अंधकार के भीतर एक दीप जलने की संभावना छिपी होती है। हिंदू, जैन, बौद्ध और सिख परंपराओं में दीपावली का अलग-अलग महत्व है, मगर संदेश एक ही है, प्रकाश का मार्ग ही मानवता का मार्ग है। यही अखंड संदेश अब विश्व स्तर पर मान्यता पा रहा है।

भारत की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहरें सदैव मानव-कल्याण की प्रेरक रही हैं। कुंभ, वैदिक मंत्रोच्चार, रामलीला, योग, दुर्गा पूजा जैसी परंपराएँ पहले से विश्व धरोहर सूची में शामिल रही हैं। दीपावली के जुड़ने से यह सूची और उज्जवल हुई है। दीपावली यूनेस्को के उस उद्देश्य को पूर्ण रूप देती है जिसमें कहा गया है कि मानवता की सबसे बड़ी शक्तियाँ वे परंपराएँ हैं जो समय के साथ खो न जाएँ। दीपावली भारतीय समाज की आर्थिक, सामाजिक और मानवीय संरचना को एक गहरा संदेश देती है। एक छोटा कुम्हार, जो अपने हाथों से दीए बनाता है, उसी दीये की रोशनी से करोड़ों घर रोशन होते हैं। एक छोटे व्यापारी की दुकान भी दीपावली पर उतनी ही महत्वपूर्ण होती है जितनी एक बड़ी कंपनी की। यह त्योहार बताता है कि समाज प्रकाश तभी बनता है जब हर व्यक्ति के जीवन में रोशनी पहुंचे। इसीलिए यह उत्सव भारतीय सामुदायिक चेतना का उत्सव है, समता और समान अवसरों का उत्सव है।

दुनिया आज विभाजन, युद्ध, तनाव, भौतिक लालच और मानसिक अंधकार से जूझ रही है। ऐसे समय में दीपावली का संदेश पहले से अधिक प्रासंगिक है कि एक दीप की लौ किसी भी गहन अंधकार को चुनौती दे सकती है। भारत ने सदियों से दुनिया को यही बताया है कि नैतिक साहस, सद्भाव, शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा ही सभ्यताओं को टिकाऊ बनाती है। दीपावली इस सत्य का प्रत्यक्ष प्रतीक है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आधुनिक सोच और सांस्कृतिक कूटनीति ने भारत की इन अवधारणाओं को दुनिया के सामने नई ऊर्जा के साथ स्थापित किया है। योग की वैश्विक मान्यता हो, आयुर्वेद का उभार हो, रामायण सम्मेलन हों या भारतीय त्योहारों का अंतरराष्ट्रीयकरण, यह सब भारत की सॉफ्ट पावर की विजय है। दीपावली को यूनेस्को सूची में शामिल किया जाना इसी सॉफ्ट पावर की अगली खूबसूरत सीढ़ी है।

मोदी का ह्लवसुधैव कुटुंबकमह्व का मंत्र अब भारत की विदेश नीति ही नहीं, बल्कि विश्व-दृष्टि बन चुका है। इसी भावना ने जी20 से लेकर वैश्विक मंचों पर भारत की पहचान को मजबूत किया है। दीपावली का वैश्विक सम्मान इसी मंत्र का विस्तार है, क्योंकि यह त्योहार हर मानव को यह याद दिलाता है कि दुनिया एक है, पीड़ा साझा है, और आनंद भी साझा होना चाहिए।

दीपावली केवल आध्यात्मिक पर्व नहीं, बल्कि सांस्कृतिक मनोविज्ञान भी है। यह मन को खाली नहीं करती, उसे भरती है, उसे बुझाती नहीं, उसे जगाती है। दीपावली मन की धूल झाड़ने, जीवन के प्रति नई आशा जगाने और अपने भीतर छिपे प्रकाश को पहचानने का अवसर है। यही कारण है कि इसे विश्व धरोहर घोषित करना पूरी मानवता के आध्यात्मिक भविष्य को मान्यता देना है। वैश्वीकरण के प्रभाव ने दुनिया को तकनीकी रूप से भले ही जोड़ा हो, पर मानसिक रूप से विभाजन बढ़ा दिया है। ऐसे में भारत की सांस्कृतिक विविधता, विशेषकर दीपावली जैसी परंपराएँ, सभ्यताओं के बीच एक दार्शनिक पुल का काम करती हैं। ये त्योहार दुनिया को यह बताते हैं कि जीवन केवल उपभोग नहीं, संवेदना है, केवल प्रगति नहीं, समरसता है, केवल विकास नहीं, मूल्य भी हैं।

यूनेस्को की घोषणा के बाद अब दुनिया दीपावली को केवल भारतीय या धार्मिक त्योहार के रूप में नहीं देखेगी, बल्कि इसे वैश्विक नैतिक चेतना के रूप में स्वीकार करेगी। यह उस विरासत का सम्मान है जो अतीत से चली आ रही है पर भविष्य को दिशा देती है।

यह भारत की उस आध्यात्मिक शक्ति का प्रमाण है जिसे दुनिया युगों से सम्मान देती आई है।

अब यह भी हमारा दायित्व है कि दीपावली की इस उज्ज्वल विरासत को हम और अधिक संवारे, संजोएं और इसे केवल उत्सव के रूप में नहीं, बल्कि जीवन-दर्शन के रूप में अपनाएं। जब हम अपने भीतर एक दीप जलाते हैं, तो उसके प्रकाश में पूरी दुनिया का मार्गदर्शन संभव होता है, यही भारतीय संस्कृति की शक्ति है, यही दीपावली की महिमा है।

निस्संदेह, दीपावली का वैश्विक होना भारत की सांस्कृतिक आत्मा की विजय है। यह वह क्षण है जो बताता है कि भारत केवल एक भू-राजनीतिक शक्ति नहीं, बल्कि मानवता का आध्यात्मिक मार्गदर्शक भी है। आने वाले समय में यह प्रकाश दुनिया के हर कोने तक पहुंचे, यही दीपावली का संदेश और भारत की सांस्कृतिक जिम्मेदारी है।

दीपों का यह उत्सव अब केवल भारत का नहीं रहाकृअब यह मानवता का उत्सव है, और भारत की यह रोशनी आने वाले समय में वैश्विक चेतना का नया सूरज बनकर उदित होगी।

# लोक अदालत मामलों में सस्ता एवं समुचित निस्तारण का साधन है : जिला जज




अखंड भारत संदेश

**भदोही । पूर्णकालिक** सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तरूणिमा पाण्डेय ने बताया कि माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भदोही-ज्ञानपुर के तत्वाधान में एवं जनपद न्यायाधीश ,अखिलेश दूबे के कुशल मार्गदर्शन में जनपद न्यायाधीश महोदय द्वारा दिनांक 13 दिसम्बर 2025 दिन शनिवार को प्रातः 10 बजे से जनपद न्यायालय परिसर सरपतहा ज्ञानपुर के सभागार कक्ष में माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया गया। माननीय जनपद न्यायाधीश द्वारा लोक अदालत के अवसर पर कहा गया कि लोक अदालत मामलों के निस्तारण का सस्ता एवं समुचित साधन है जिसके माध्यम से मामले त्वरित गति से निस्तारित हो जाते हैं इसमें किसी प्रकार की ना तो हार होती है ना तो जीत। मामले अन्तिम रूप से निस्तारित हो जाती है। राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर पर माननीय जनपद न्यायाधीश द्वारा दीवानी न्यायालय परिसर का भ्रमण कर वादकारियों से भी उनकी समस्यायें सुनी गयी तथा न्यायिक अधिकारियों व बैंक अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आमजन के मामलों को निस्तारित करें जिससे आमजन को राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन का लाभ मिल सके तथा लोक अदालत की संकल्पना साकार हो सके। प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय भदोही, पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, व समस्त न्यायिक अधिकारीगण, अधिवक्तागण, कर्मचारीगण, अग्रणी जिला प्रबन्धक यूनियन बैंक व बैंक के अन्य कर्मचारी, जनपद न्यायालय के कर्मचार, गण, व पत्रकार आदि उपस्थित रहें। लोक अदालत में निस्तारण हेतु कुल-76709 मामले सन्दर्भित किये गये व कुल 56356 मामलों का निस्तारण किया गया। आपराधिक मामलों में कुल रू0-885800 अर्थदण्ड वसूल किये गये। सक्सेसन के मामले में कुल रू0 66,88,898.41/- रुपए का उत्तराधिकार प्रमाण पत्र निर्गत किये गये तथा बैंक के प्री लिटिगेशन मामलों में कुल 4,13,94,529 /- रुपए वसूले गये। बिजली बिल बकाया सम्बन्धित मामलों में रूपया-8950000/- की समझौता धनराशि तय की गयी।

निस्तारित मामलो में अखिलेश दूबे, जनपद न्यायाधीश महोदय के द्वारा कुल 08 मामले, रत्नेश मणि त्रिपाठी, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय के द्वारा कुल 56 वैवाहिक मामले व बंश बहादुर यादव पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, भदोही के द्वारा कुल 26 मामले, पवन कुमार तिवारी अध्यक्ष स्थायी लोक अदालत द्वारा कुल 02 मामले, अमित वर्मा, अपर जिला जज/एस०एसी०/एस०टी० एक्ट, के द्वारा कुल 119 मामले, पुष्पा सिंह अपर जिला जज प्रथम द्वारा कुल 02 मामले, आनन्द कुमार मिश्रा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा कुल 1140 मामले, श्री हरकिरन कौर सिविल जज सी०डि० द्वारा कुल 07 मामले, आशीष कुमार सिंह अपर मुख्य न्यायिक मजि० द्वारा कुल 1172 मामले. , किसा जहीर, अपर सिविल जज सी०डि० प्रथम द्वारा कुल 01 मामले, अनामिका चौहान, अपर सिविल जज सी०डि० द्वितीय, द्वारा कुल 218 मामले, अमित कुमार सिंह सिविल जज सी०डि० त्वरित न्यायालय द्वारा कुल 237 मामले, श्री बलराम पनवार सिविल जज जू०डि० के द्वारा कुल 41 मामले, श्रीमती कमलेश कुमारी, न्यायिक मजि० द्वितीय द्वारा कुल 782 मामले, शशि किरन, अपर सिविल जज जू०डि० द्वितीय द्वारा कुल 50 मामले, अरिजीत सिंह, अपर सिविल जज जू०डि० तृतीय के द्वारा कुल 679 मामले, अंशुमान, अपर सिविल जज जू०डि० चतुर्थ के द्वारा कुल 12 मामले, सिविल जज जू०डि० त्वरित न्यायालय के द्वारा कुल 31 मामले, नीलम सिंह सिविल जज जू०डि० एफटीसी महिला उत्पीड़न के द्वारा कुल 38 मामले, दिशा ओमरे सिविल जज जू०डि० एफटीसी के द्वारा कुल 21 मामले, निस्तारित किये गये। लोक अदालत में अपर जिला जज / पॉक्सो प्रथम लोकेश कुमार मिश्रा द्वारा भी प्रतिभाग किया गया। बैंक प्रिलिटिगेशन के कुल 891 मामले निस्तारित किये गये तथा प्रशासनिक / राजस्व के कुल 50287 मामलों को निस्तारित किया गया व रू0 12,56,932.00 अर्थदण्ड वसूले गये। जिला जज द्वारा लोक अदालत की सफलता हेतु पुष्पा सिंह अपर जिला जज प्रथम को राष्ट्रीय लोक अदालत का नोडल अधिकारी नामित किया गया।

# मुश्किल मुद्दों की वजह से मणिपुर समस्या के समाधान में हो रही है देरी

रवींद्र नाथ सिन्हा

**मणिपुर** का पूरा इलाका- पहाड़ियां और घाटियां दोनों- हमेशा मणिपुर के राजाओं, राज्य दरबार और बाद में, राज्य सरकार के प्रशासन में था। मैनेजमेंट के नियमों (1907) ने साफ तौर पर दरबार को दोनों इलाकों के लिए एडमिनिस्ट्रेटिव अथॉरिटी बनाया, जो जमीन, जंगल और टैक्स का प्रबंधन करता था। ब्रिटिश अधिकारी नियमित तौर पर यह रिकॉर्ड करते थे कि जंगल और इलाके महाराजा की संपदा थे।

हालात के हिसाब से क्रिया और प्रतिक्रिया, जो बदलते रहते हैं, ने मणिपुर में बदलते घटनाक्रम में जातीय संघर्ष की कहानी को अलग करते हैं। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने 6 और 7 नवंबर को यूनाइटेड पीपुल्स फ्रंट (यूपीएफ) और कुकी नेशनल ऑर्गनाइजेशन (केएनओ) के प्रतिनिधियों के साथ बैठकें की, जो सस्पेंशन ऑफ ऑपरेशन (एसओओ) के दायरे में आने वाले 24 विद्रोही गुटों में दो बड़े गुट हैं। दो दिनों तक चली बातचीत को केन्द्रीय गृह मंत्रालय और 'एक तरह से पहचाने जाने वाले' 24 कुकी-जो विद्रोही गुटों के बीच एक अहम बातचीत माना जा रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि पिछली 4 सितंबर को जो बातचीत हुई थी, उसके बाद बंद पड़े एसओओ को फिर से सक्रिय किया गया था, जिससे मैतेई सिविल सोसाइटी ऑर्गनाइजेशन (सीएसओ संगठन) बहुत नाराज थे, जो एसओओ की उस अवधारणा के ही खिलाफ हैं जिसे 2008 में लाया गया था। फिर से एसओओ को सक्रिय करने के समझौते में नई शर्तें हैं, जिनमें संविधान के अंदर समझौता, इलाके की अखंडता का भरोसा, कैडर की जांच और पुष्टि, विदेशी नागरिकों को वापस उनके देशों में भेजना और शिविरों को फिर से अन्यत्र ले जाना शामिल हैं। एसओओ में पहले से तय समय पर और आगे बढ़ाने का प्रावधान था। हालांकि, 29 फरवरी, 2024 को, यानी 3 मई, 2023 को जातीय हिंसा शुरू होने के 10 महीने बाद और जब मणिपुर की कानून-व्यवस्था की हालत सबसे खराब थी, तब के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने तीन-तरफा एसओओ से यह कहते हुए बाहर निकलने का फैसला किया कि इसके दायरे में आने वाले ग्रुप जमीनी नियमों का उल्लंघन कर रहे थे। यह बताना जरूरी है कि 3 मई, 2023 से पहले, ये ग्रुप संविधान के छठे शेड्यूल के तहत स्वायत्त क्षेत्र परिषद (ऑटोनॉमसटेरिटोरियल काउंसिल) की मांग कर रहे थे। हिंसा बढ़ने और बेघर हुए लोगों की संख्या बढ़ने के बाद, उन्होंने पहाड़ी इलाकों के लिए विधायिका से केन्द्र शासित प्रदेश बनाने की मांग उठानी शुरू कर दी।




जैसा कि इस लेख के शुरू में ही बताया गया है कि क्रिया और प्रतिक्रिया मणिपुर आख्यान के हिस्से हैं। अब मैतेई सीएसओ की बारी थी कि वे प्रतिक्रिया करें और पिछली जमीनी हकीकत का अपना संस्करण पेश करें और उसके समर्थन में 'ऐतिहासिक काल खंडों, संबंधित नियम और न्यायालयों के फैसले' का हवाला दें। 17 नवंबर, 2025 को प्रधानमंत्री को लिखे एक ज्ञापन में, जिसकी प्रतिलिपियां केंद्रीय गृह मंत्री और केन्द्रीय गृह मंत्रालय के सलाहकार (नॉर्थ-ईस्ट) ए के मिश्रा को भी भेजी गई हैं, मणिपुर एकता और अखंडता पर कोऑर्डिनेटिंग कमेटी (कोकोमी) ने कहा है: 'यह कहना कि मणिपुर के पहाड़ी इलाके कभी भी मणिपुर के महाराजा के शासन में नहीं थे, ऐतिहासिक और कानूनी तथ्यों को जानबूझ कर गलत तरीके से पेश करना है' जिसका मकसद एक अलग कुकी प्रशासनिक क्षेत्र की मांग को सही ठहराना है। 'इसके उलट, पुराने रिकॉर्ड, मणिपुर स्टेट दरबार रूल्स (1907) और आजादी के बाद अदालतों के फैसले (जो 1963 और 1979 में आये थे)' ने इस बात की पुष्टि की कि पूरा इलाका, 'जिसमें पहाड़ी इलाके भी शामिल हैं, राज्य और उसके बाद आने वाले शासकों के लगातार कानूनी अधिकार क्षेत्र में रहा।'

कुकी ग्रुप के पुरखों के जमीन के हक के दावे को पुरानी समय-सीमा और उनके बसने के तरीके से चुनौती मिलती है, जो मुख्य रूप से औपनिवेशिक दौर की बात थी। औपनिवेशिक शासन के दौरान बसने की नीति के तहत, पहले एंग्लो-बर्मी युद्ध (1824-1826) में ब्रिटिश जीत के बाद लगभग 1840 में पहाड़ी इलाकों में कुकी प्रव्रजन शुरू हुआ। यह एक सोच-समझकर बनाई गई ब्रिटिश औपनिवेशिक सीमावर्ती नीति (कॉलोनियल फ्रंटियर स्ट्रैटेजी) का नतीजा था, जिसे अस्थिर पूर्वी सीमा को सुरक्षित करने के लिए डिजाइन किया गया था। इस भूराजनीतिक इंजीनियरिंग में एक अहम भूमिका मणिपुर में ब्रिटिश राजनीतिक एजेंट (1844-1863) लेफ्टिनेंट-कर्नल विलियम मैकुलोच ने निभाई थी। कुकी लोगों को योजनाबद्ध तरीके से उन इलाकों में बसाया गया जो धीरे-धीरे गांव बन गए। इन तीन मकसदों को पूरा करने के लिए ये इलाके बनाए गए थे- लुशाई पहाड़ियों से होने वाले हमलों के खिलाफ एक ह्यूमन बफर जोन बनाना, जमीन को राजस्व कमाने वाली खेती के इस्तेमाल के तहत लाना और लोगों को मजदूरी और सहायक सेना के स्रोत के तौर पर काम पर रखना। 19वीं सदी के बीच की यह घटना, कोकोमी के कन्वीनरखुरैजमअथौबा के हस्ताक्षरित किए हुए प्रधानमंत्री को भेजे मांगपत्र में बताया गया है कि यह घटना 'एक हजार साल से भी ज्यादा समय से मैतेई और दूसरे आदिवासी पहाड़ी समुदायों के लगातार और अच्छी तरह से रहने' के दस्तावेज से बिल्कुल अलग है। अथौबा ने यह भी कहा है कि 'कुकी' शब्द एक औपनिवेशिक बनावट है, 'अंग्रेजों ने प्रशासनिक सुविधा के लिए चिन-लुशाई पहाड़ियों और आस-पास के इलाकों में रहने वाले अलग-अलग तरह के कबीलों के के लिए इस नाम का इस्तेमाल किया था।' मणिपुर का पूरा इलाका- पहाड़ियां और घाटियां दोनों- हमेशा मणिपुर के राजाओं, राज्य दरबार और बाद में, राज्य सरकार के प्रशासन में था।

# पूर्व में निर्मित विदेशी मदिरा के अवशेष स्टॉक का डीएम के आदेश पर कराया गया विनष्टीकरण



अखंड भारत संदेश

**भदोही । आबकारी** नीति 2025-26 में निहित प्रविधानानुसार तथा जिलाधिकारी शैलेष कुमार के आदेश के अन्तर्गत गठित टीम के समक्ष विदेशी मदिरा थोक अनुज्ञापन आदेश पाण्डेय के अनुज्ञापन परिसर, संदीप पैलेस वार्ड नं0-15 गोपीगंज जनपद भदोही के पीछे वर्ष 2024-25 की बिकी के पश्चात दिनांक 01.04.2023 से पूर्व निर्मित विदेशी मदिरा के अवशेष स्टॉक का विनष्टीकरण दिनांक 12.12.2025 को दोपहर बाद किया गया। विनष्टीकरण की कार्यवाही में मदिरा के विभिन्न ब्राण्ड व धरिता के 190 पैंटी विदेशी मदिरा का निस्तारण किया गया।

# जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस" का आयोजन कर फरियादियों की समस्याओं के त्वरित निवारण का प्रयास



अखंड भारत संदेश

**गोपीगंज भदोही । शासन** की मंशा के अनुरूप फरियादियों को त्वरित न्याय की व्यवस्था हेतु प्रत्येक शनिवार आयोजित "थाना समाधान दिवस" के क्रम में आज दिनांक-13.12.2025 को जनपद के समस्त थानों पर "थाना समाधान दिवस" का आयोजन किया गया।, शैलेश कुमारह्व जिलाधिकारी भदोही तथा , अभिमन्यु मांगलिकह्व पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में फरियादियों की समस्याओं को सुना गया। इसी क्रम में समस्त थानों पर पुलिस टीम द्वारा सम्बंधित थानों पर प्रशासनिक टीम के साथ समाधान दिवस का आयोजन कर जनता की समस्याओं को सुना गया व उनका निस्तारण राजस्व कर्मियों के साथ उपस्थिति रह कर किया गया। जन सुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों को गम्भीरता से सुनते हुए पुलिस विभाग से संबंधित समस्त प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण किया गया तथा राजस्व विभाग से संबंधित समस्त प्रार्थना पत्रों का ,गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया। जनता के शिकायतों को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को जमीन सम्बंधित सभी प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की टीमों द्वारा संयुक्त रुप से प्रकरण का निस्तारण करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गये, जिससे फरियादियों को अलग-अलग भटकना न पड़े व प्रकरणों का त्वरित व न्याय पूर्ण निस्तारण हो सके। जनपद के समस्त थानों पर प्राप्त कुल- 67 (राजस्व विभाग से सम्बंधित 59 व पुलिस-08) प्रार्थना पत्रों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में रिकॉर्ड निस्तारण, चित्रकूट न्यायालय में हजारों मामलों का हुआ समाधान'

## 1,16,856 मामलों का निस्तारण, छह करोड़ 51 लाख रुपये की वसूली

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** शनिवार को राष्ट्र विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत ने चित्रकूट जनपद में न्याय के त्वरित समाधान की एक व्यापक तस्वीर पेश की। जनपद न्यायालय परिसर में लोक अदालत का शुभारम्भ न्यायमूर्ति अवनीश सक्सेना इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश शेषमणि शुक्ला, विभिन्न न्यायालयों के पीठासीन अधिकारी, न्यायिक मजिस्ट्रेट, बैंक अधिकारी, जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारी तथा विधिक सेवा प्राधिकरण से जुड़े न्यायारक्षक व अधिकार मित्र उपस्थित रहे।


लोक अदालत मे ंसुलह के बाद अधिकारियों की मौजूदगी में दंपति

लोक अदालत के दौरान विभिन्न न्यायालयों द्वारा आपसी सुलह, प्रतिकर एवं अर्थदण्ड के आधार पर बड़ी संख्या में मामलों का निस्तारण किया गया। मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण ने 36 मामलों में लगभग एक करोड़ 76 लाख रुपये का प्रतिकर दिलाया, जबकि परिवार न्यायालय में 18 वादों का निस्तारण हुआ और वर्षों से अलग रह रहे 10 दंपति सुलह के आधार पर एक साथ भेजे गए।

आपराधिक, एनआई एक्ट, उत्तराधिकार, ग्राम न्यायालय तथा फास्ट ट्रैक कोर्टों में भी सैकड़ों वाद निस्तारित किए गए। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सहित अन्य न्यायिक अधिकारियों द्वारा कुल 2183 वादों का निस्तारण करते हुए एक करोड़ 83 लाख रुपये से अधिक की वसूली की गई। वहीं राजस्व व अन्य विभागों द्वारा 1,14,673 मामलों का निस्तारण कर चार करोड़ 68 लाख रुपये से अधिक की वसूली की गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव वर्णिका शुक्ला ने बताया कि कुल मिलाकर राष्ट्रीय लोक अदालत में 1,16,856 मामलों का निस्तारण हुआ और छह करोड़ 51 लाख रुपये से अधिक की राशि अर्थदण्ड, प्रतिकर एवं ऋण वसूली के रूप में प्राप्त की गई।


आग से जलकर राख हुआ सामान।

# चूल्हे की चिंगारी ने उजाड़ी दुनिया, घर में जिंदा जल गया तीन साल का मासूम

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिले के पहाड़ी ब्लॉक क्षेत्र के परसौंजा गांव में शुक्रवार को आग की एक भयावह घटना ने पूरे गांव को शोक में डुबो दिया। कच्चे घर में लगी आग में तीन वर्षीय सत्यम यादव की जिंदा जलने से मौत हो गई। जिस वक्त यह हादसा हुआ, उस समय उसके माता-पिता रोज की तरह खेत पर काम करने गए थे। घर के अंदर सत्यम सो रहा था, जबकि उसका पांच वर्षीय भाई रवि किशोर बाहर खेल रहा था। अचानक घर के भीतर से धुआं उठने लगा और देखते ही देखते आग ने

**खेत में मेहनत, घर में मौत, कच्चे घर में सो रहा था मासूम**

पूरे कच्चे मकान को अपनी चपेट में ले लिया। बताया गया कि दोपहर का खाना बनाकर परिजन खेत चले गए थे और चूल्हे में बची आग पास में रखी लकड़ियों तक पहुंच गई। आग तेजी से फैली और घर धधक उठा। धुआं उठता देख ग्रामीण दौड़े। दरवाजा अंदर से बंद था। सत्यम के चाचा राजा और ग्रामीणों ने दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया। चारपाई पर सो रहे सत्यम के चारों ओर आग लगी थी। बड़ी मुश्किल से बच्चे को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक वह गंभीर रूप से झुलस चुका था। इस प्रयास में चाचा राजा सहित दो अन्य लोग भी झुलस गए। परिजन बच्चे को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां हालत गंभीर देख उसे प्रयागराज रेफर किया गया। लेकिन रास्ते में ही मासूम ने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम कराया। सत्यम दो भाइयों और दो बहनों में सबसे छोटा था। उसकी मौत के बाद घर में कोहराम है, मां-बाप बदहवास हैं और पूरा गांव इस दर्दनाक हादसे से स्तब्ध है।

# अंतरशालेय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी हुए सम्मानित

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा संचालित शैक्षणिक प्रकल्पों की वार्षिक अंतरशालेय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन समारोह शनिवार को उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को शील्ड एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।



विजेता छात्रों को सम्मानिक करते शिक्षकगण।

प्रतियोगिता में सुरेंद्र पाल ग्रामोदय विद्यालय, कृष्णा देवी वनवासी बालिका आवासीय विद्यालय मझगवां, रामनाथ आश्रम शाला विद्यालय पीली कोठी, परमानंद आश्रम पद्धति विद्यालय गनीवां तथा गुरुकुल संकुल के विद्यार्थियों ने भाग लेकर खेल भावना, अनुशासन और टीम वर्क का परिचय दिया। समापन अवसर पर प्राचार्य जितेंद्र कुमार ने कहा कि खेल बच्चों के शारीरिक विकास के साथ-साथ आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को भी मजबूत करते हैं। शैक्षणिक अनुसंधान केंद्र के प्रभारी कालका प्रसाद श्रीवास्तव ने आयोजन को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए उपयोगी बताया। प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, टीम गेम्स और मनोरंजक क्रीड़ाओं में रस्साकशी विशेष आकर्षण का केंद्र रही।

# नई शिक्षा नीति के लक्ष्यों को साधने का प्रयास, मीना मंच प्रशिक्षण का दूसरा चरण शुरू

## कार्यशाला में विविध विषय शामिल, जीवन कौशल से लेकर आत्मरक्षा तक

अखंड भारत संदेश

**मऊ/चित्रकूट।** स्पेशल प्रोजेक्ट फॉर इक्विटी के अंतर्गत मीना मंच पावर एंजिल के सशक्तिकरण हेतु सुगमकर्ताओं का दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के द्वितीय बैच का शुभारंभ शुक्रवार को को बीआरसी मऊ सभागार में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत खंड शिक्षा अधिकारी मऊ कृष्ण दत्त पांडेय द्वारा मां सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई। कार्यशाला का उद्देश्य नई शिक्षा नीति के लक्ष्यों की प्राप्ति के साथ बालिकाओं के विद्यालय में नामांकन, नियमित उपस्थिति और जीवन कौशल के विकास पर केंद्रित रहा। प्रगति के पंख- अरमान मॉड्यूल के माध्यम से बालिकाओं को आत्मविश्वासी और



प्रशिक्षण में मौजूद शिक्षकगण।

जागरूक बनाने की दिशा में प्रशिक्षण दिया गया। संदर्भदाता आलोक श्रीवास्तव एवं प्रेम चंद्र यादव ने प्रतिभागी शिक्षकों को मीना मंच के गठन, उसके उद्देश्यों, पावर एंजिल के चयन, पॉक्सो एक्ट, बालिका सुरक्षा, बाल विवाह, आधा फुल कॉमिक बुक्स तथा विभिन्न केस स्टडी पर विस्तृत जानकारी दी। साथ ही टूल टेन, वीरांगना पोर्टल, महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, आत्मरक्षा और पोषण से जुड़े विषयों पर भी चर्चा हुई। शनिवार को कार्यशाला के समापन अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी ने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे मीना मंच की गतिविधियों को अपने-अपने विद्यालयों में प्रभावी ढंग से लागू करें, ताकि बालिकाएं निर्भीक, शिक्षित और जिम्मेदार नागरिक बनकर समाज निर्माण में सहभागी बन सकें।

# राजापुर लूट कांड में चौंकाने वाला मोड़, बोलेरो चालक निकला साजिशकर्ता, चार आरोपी गिरफ्तार

## जेवरात व हथियार बरामद, बाजार से घर लौटते वक्त रची गई लूट

अखंड भारत संदेश

**राजापुर/चित्रकूट।** थाना राजापुर क्षेत्र के अमवां मोड़ पर हुई लूट की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह एवं क्षेत्राधिकारी राजापुर राजकमल के पर्यवेक्षण में गठित पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर बरूवा मोड़ मंदिर के पास घेराबंदी कर बोलेरो और बाइक सवार चारों आरोपियों को दबोच लिया। तलाशी के दौरान लूट से जुड़े सोने-चांदी के आभूषण, मोबाइल फोन, अवैध तमंचा, कारतूस, खोखा तथा घटना में प्रयुक्त बोलेरो और मोटरसाइकिल बरामद की गई। पुलिस


पुलिस गिरफ्त में लूट के आरोपी।

के अनुसार 7 दिसंबर को कैलाश निषाद अपनी पत्नी के साथ बाजार से खरीदारी कर बोलेरो से लौट रहे थे। अमवां मोड़ पर पहले से खड़े लोगों ने गाड़ी रुकवाकर मारपीट की और महिला के गले से लॉकेट, पायल तथा मोबाइल लूट लिया। जांच में चौंकाने वाला तथ्य सामने आया कि बोलेरो चालक जीतलाल निषाद ने ही लालच में आकर अपने फूफा सुखलाल और उसके साथियों के साथ पूरी वारदात की साजिश रची थी। शक से बचने के लिए उसने खुद ही डायल 112 पर सूचना दी थी। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जीतलाल निषाद, सुखलाल उर्फ दुखी, उमेश कुमार और जगतपाल के रूप में हुई है। पूछताछ में चारों ने लूट की घटना स्वीकार की। बरामद अवैध हथियार के आधार पर आर्म्स एक्ट की कार्रवाई करते हुए मुकदमे में धाराएं बढ़ाई गई हैं। बिना कागजात मिले वाहनों को भी सीज कर दिया गया है। पुलिस के अनुसार आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।


कचडा प्रबंधन को पडताल करती प्रशासन-पालिका की टीम

# शहर के कूड़ा घर हटाने की कवायद शुरू, एलआईसी तिराहा बना निरीक्षण का केंद्र

## प्रशासन-पालिका की संयुक्त पड़ताल, नई तकनीक से निस्तारण की बात

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** नगर में प्रतिदिन निकलने वाले कचरे के निस्तारण को लेकर प्रशासन और नगर पालिका की संयुक्त सक्रियता देखने को मिली। शुक्रवार को जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता के साथ नगर के विभिन्न स्थलों पर बने कूड़ा घरों को हटाने तथा कचरा प्रबंधन की नई तकनीकी व्यवस्था लागू करने के उद्देश्य से एलआईसी तिराहे पर बने कूड़ा घर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान यह स्पष्ट किया गया कि शहर की सड़कों पर कूड़ा न पड़े और अस्थायी कूड़ा घरों की जगह का सदुपयोग किया जाए। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका लालजी को निर्देश दिए कि एलआईसी तिराहे स्थित कूड़ा घर को हटाकर उस स्थान का उपयोग किसी सार्थक उद्देश्य के लिए किया जाए। साथ ही नगर के अन्य सभी कूड़ा घरों को भी क्रमशः हटाते हुए शहर से निकलने वाले कचरे को सीधे निर्धारित निस्तारण स्थल तक पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बैठक में यह भी कहा गया कि हर घर से डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण छोटे वाहनों से किया जाए, जिसे बाद में बड़े वाहनों में स्थानांतरित कर प्लांट तक भेजा जाए। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका परिषद के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# खजुराहो में सिने इतिहास की झलक, सिने गौरव सम्मान से दिग्गज होंगे सम्मानित

## सम्मान व संवाद का अंतरराष्ट्रीय संगम, खजुराहो फेस्टिवल का विस्तृत कार्यक्रम

**चित्रकूट।** 11वें खजुराहो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में इस वर्ष सिनेमा, संस्कृति और संवाद का व्यापक मंच सजेगा, जहां अभिनेता नाना पाटेकर, अनुपम खेर, सौरभ शुक्ला, भाग्यश्री सहित कई दिग्गज कलाकारों को सिने गौरव सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। फेस्टिवल का मुहूर्त सुबह 11:30 बजे अनुपम खेर अभिनीत फिल्म तन्वी द ग्रेट के विशेष प्रसारण से होगा, जिसमें मध्य प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र लोधी तथा फिल्म की पूरी टीम मौजूद रहेगी। औपचारिक शुभारंभ 16 दिसंबर की शाम को किया जाएगा। फेस्टिवल के उत्तर प्रदेश प्रभारी अजीत सिंह के अनुसार 16 से 22 दिसंबर तक चलने वाला यह आयोजन अभिनेता धर्मेंद्र एवं असरानी को समर्पित है, वहीं भारतीय सिनेमा के शिल्पी व्ही. शांताराम और गुरुदत्त के फिल्मी जीवन के 100 वर्ष पूर्ण होने पर उन्हें भी स्मरण किया जाएगा। फेस्टिवल में 14 देशों के सांस्कृतिक प्रतिनिधि भाग लेंगे। टपरा टॉकीज में दिग्गज कलाकारों की फिल्मों के साथ नवोदित फिल्मकारों की चयनित शॉर्ट फिल्मों का प्रदर्शन होगा। विद्यार्थियों के लिए फिल्म, रंगमंच और तकनीक से जुड़ी कार्यशालाएं, मास्टर क्लास, एआई के सिनेमा पर प्रभाव तथा इमरजेंसी विषय पर विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे। मुख्य मंच पर कला, साहित्य, पत्रकारिता, समाज सेवा और सिनेमा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वालों को सम्मानित किया जाएगा। मध्य प्रदेश संस्कृति एवं पर्यटन विभाग के सहयोग से आयोजित इस फेस्टिवल की तैयारियों को संयोजक राजा बुंदेला और उनकी टीम अंतिम रूप दे रही है। साथ ही नागरिकों के लिए निःशुल्क आयुष मेडिकल कैंप का आयोजन भी किया जाएगा।

### तबीयत बिगड़ने के बाद अस्पताल पहुंची महिला, डॉक्टरों ने किया मृत घोषित

**मानकपुर/चित्रकूट।** जनपद के छेरिहा खुद मारकुंडी निवासी 27 वर्षीय गोमती राजकुमार की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। परिजनों के अनुसार शुक्रवार शाम करीब सात बजे गोमती की तबीयत खराब हुई, जिसके बाद घर पर ही उपचार का प्रयास किया गया, लेकिन हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। शनिवार तड़के करीब पांच बजे तबीयत अधिक बिगड़ने पर परिजन उन्हें जिला अस्पताल ले पहुंचे, जहां इमरजेंसी में मौजूद चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि गोमती सामान्य रूप से घर के कामकाज में लगी हुई थीं और किसी गंभीर बीमारी की जानकारी नहीं थी।

# घर में ही हो गई ट्रंप की घोर बेइज्जती !

## मोदी-पुतिन की फोटो दिखाकर US सांसद ने काटा बवाल

**रूस**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की वायरल कार सेल्फी ने न सिर्फ भारत में, बल्कि अमेरिकी संसद में भी एक नई बहस छेड़ दी है। कई लोगों के लिए, यह तस्वीर सिर्फ दो नेताओं के बीच एक दोस्ताना इशारे से कहीं बढ़कर है। यह उस बात का प्रतीक बन गई है जिसे कुछ सांसदों का कहना है कि वाशिंगटन भारत को एक भरोसेमंद रणनीतिक साझेदार के रूप में मानने में विफल रहा है। अमेरिकी विदेश नीति पर एक गरमागरम संसदीय सुनवाई के दौरान, सांसद सिडनी कामलागर-डोव ने तस्वीर दिखाते हुए तर्क दिया कि भारत के फैसलों के बजाय अमेरिका की अपनी नीतियां ही नई दिल्ली को मॉस्को के करीब धकेल रही हैं। कामलागर-डोव ने प्रशासन के भारत के प्रति रवैये की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि ट्रम्प की भारत के प्रति नीति को 'अपना ही नुकसान करना' कहा जा सकता है। उन्होंने



चेतावनी दी कि व्हाइट हाउस की दबाव बनाने की रणनीति दोनों देशों के बीच दशकों से बने भरोसे को "वास्तविक और स्थायी क्षति" पहुंचा रही है। मोदी-पुतिन की बड़ी सेल्फी की ओर इशारा करते हुए उन्होंने जोर देकर कहा कि यह पोस्टर हजार शब्दों के बराबर है। अमेरिका के रणनीतिक साझेदारों को दुश्मनों की गोद में धकेलकर नोबेल शांति पुरस्कार नहीं जीता जा सकता। सांसद ने इस समय की गंभीरता को समझने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि दबाव डालने वाले साझेदार होने की कीमत चुकानी पड़ती है और भारत के साथ संबंधों को सुधारने के लिए तत्काल कार्रवाई की मांग की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कांग्रेस में दोनों पक्षों के सदस्य इस स्थिति की गंभीरता को समझते हैं और उन्हें अत्यंत तत्परता से कदम उठाने चाहिए। भारत को निशाना बनाकर 50% टैरिफ लगाना, जो किसी भी देश पर लगाए गए सबसे ऊंचे टैरिफ में से एक है, ने हमारे दोनों देशों के बीच नेतृत्व स्तर की बैठकों को प्रभावी रूप से बाधित कर दिया है। फिर भी, रूसी तेल के आयात पर भारत के नाम से लगाया गया 25% टैरिफ काफी बेमानी लगता है, जब स्टीव विटकॉफ पुतिन के सलाहकारों के साथ गुप्त सौदे कर रहे हैं ताकि कुछ व्यावसायिक निवेश के बदले यूक्रेन को बेच दिया जाए। टैरिफ के अलावा, ट्रंप ने अमेरिका और भारत के बीच लोगों के आपसी संबंधों पर भी हमला किया है।

# West Asia के दौरे पर निकलने वाले थे मोदी, तभी नेतन्याहू ने अचानक किया फोन

**इजराइल**

**भारत** के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक बड़ा अहम फोन कॉल आया। यह फोन कॉल किसी और का नहीं बल्कि इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का था। इस बात की जानकारी खुद भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दी कि उन्हें एक फोन कॉल इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और इजराइल के पीएम बेन्यामिन नेतन्याहू के बीच फोन पर हुई बातचीत में पश्चिम एशिया में स्थायी शांति की प्राथमिकता को दोहराया। इसमें गाजा शांति योजना को समर्थन भी शामिल है। यह बातचीत ऐसे वक्त हुई, जब मोदी जॉर्डन और ओमान जैसे पश्चिम एशियाई देशों की यात्रा पर जा रहे हैं। दोनों ही नेताओं ने इस बात पर बातचीत की है कि किस तरह से



भारत और इजराइल की जो स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप है उसे मजबूत किया जा सके। इस बातचीत के क्रम में इजराइल और भारत ने आतंकवाद को लेकर भी बातचीत की है और दोनों ही देश के सर्वोच्च नेताओं ने इस बात पर अपनी रजामंदी जाहिर की है कि आतंकवाद के खिलाफ दोनों ही देश जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाए रखेंगे। वहीं पीएम नरेंद्र मोदी ने इजराइल के पीएम को इस बात का समर्थन भी दिया है कि लगातार उस पूरे क्षेत्र में किस तरह से स्थिरता और शांति बनी रहे। लंबे वक्त तक वहां शांति कायम रहे इसके लिए भारत ने अपना समर्थन जाहिर किया है।

पीएम नरेंद्र मोदी ने इस बात पर जोर दिया है कि गाजा पीस प्लान पर काम लगातार होते रहना चाहिए।

# भारत और इटली के संबंधों में आई नई गर्मजोशी, पीएम- मेलोनी की दोस्ती ने वैश्विक समीकरण बदल दिए

**इटली**

**भारत** और इटली के संबंध एक बार फिर नई ऊँचाई पर पहुंचे जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इटली के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री एंटोनियो ताजानी का स्वागत किया। हम आपको बता दें कि ताजानी तीन दिवसीय यात्रा पर भारत आए हैं और इस दौरान उनकी प्रधानमंत्री मोदी, विदेश मंत्री एस. जयशंकर तथा अन्य भारतीय अधिकारियों के साथ विस्तृत रणनीतिक वाताएँ हुईं। जयशंकर ने ताजानी का स्वागत करते हुए कहा कि यह वर्ष में उनकी दूसरी भारत यात्रा है, जो दोनों देशों की मजबूत प्रतिबद्धता और प्रगाढ़ होती साझेदारी का संकेत है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारतझ्इटली संबंध लोकतांत्रिक मूल्यों, सांस्कृतिक सम्मान, विरासत और साझा वैश्विक दृष्टि पर आधारित हैं।

जयशंकर ने यह भी रेखांकित किया कि दोनों देशों के बीच राजनीतिक, सामरिक, समुद्री सुरक्षा, अंतरिक्ष सहयोग, रक्षा और उभरती प्रौद्योगिकियों पर चर्चा आगे बढ़ चुकी है। वहीं ताजानी ने भारत में हाल ही हुए आतंकी हमले को लेकर इटली की एकजुटता व्यक्त की और दोनों देशों के ऋ20 के दौरान घोषित काउंटर टेरर फाइनैंसिंग इनिशिएटिव को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई। हम आपको बता दें कि हाल के वर्षों में इटली इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में भारत का अहम सुरक्षा साझेदार बनकर उभरा है। साथ ही आतंकवाद-रोधी सहयोग में भी दोनों देश एक-दूसरे के घनिष्ठ सहयोगी हैं।

उधर, प्रधानमंत्री मोदी ने पर पोस्ट करते



हुए कहा कि भारतझ्इटली की दोस्ती लगातार मजबूत हो रही है और 2025झ2029 की संयुक्त रणनीतिक कार्ययोजना पर तेजी से प्रगति हो रही है। उन्होंने ताजानी को बताया कि व्यापार, निवेश, रक्षा, अंतरिक्ष, नवाचार, शिक्षा और लोगों के लोगों से संपर्क के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच अभूतपूर्व वृद्धि देखने को मिल रही है। ताजानी ने प्रधानमंत्री मोदी को इतालवी प्रधानमंत्री मेलोनी की ओर से इटली की यात्रा का निमंत्रण भी सौंपा जिसे मोदी ने स्वीकार कर लिया है। दूसरी ओर, ताजानी ने भी स्पष्ट किया कि भारत आज इटली के लिए प्राथमिकता वाला देश है। उन्होंने भारत को लंबे समय का भरोसेमंद मित्र बताते हुए घोषणा की कि इतालवी विदेश मंत्रालय ने भारतीय बाजार में औद्योगिक सहयोग और संयुक्त उद्यमों को समर्थन देने के लिए 50 करोड़ यूरो की वित्तपोषण सुविधा शुरू की है। देखा जाये तो इटली की महत्वाकांक्षा है कि भारत के साथ संरक्षण-उद्योग, मशीनरी, डिजाइन, उन्नत विनिर्माण, नवीकरणीय ऊर्जा और अंतरिक्ष में दीर्घकालिक सहयोग को नई गति दी जाये। हम आपको बता दें कि दोनों देशों के बीच वर्तमान 14 अरब यूरो के व्यापार को कई गुना बढ़ाने का लक्ष्य तय किया गया है। ताजानी ने यह भी कहा कि दोनों सरकारें भारतझ्यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के बेहद करीब हैं। यह स्पष्ट नजर आ रहा है कि भारतझ्इटली संबंधों में यह उछाल सिर्फ कूटनीति नहीं, बल्कि भू-राजनीतिक वास्तविकता है क्योंकि भारत वैश्विक शक्ति बन रहा है और इटली यूरोप में उसका सबसे विश्वसनीय साझेदार बनने की ओर बढ़ रहा है।

देखा जाये तो भारतझ्इटली संबंधों का यह नया अध्याय केवल व्यापार या निवेश का मामला नहीं बल्कि यह एक सामरिक पुनसंर्तुलन है, जिसमें यूरोप की राजनीति, इंडो-पैसिफिक की सुरक्षा और वैश्विक शक्ति-संतुलन के बीच भारत का बढ़ता प्रभाव स्पष्ट दिखाई देता है। आज दुनिया देख रही है कि इटली, जो कभी एशिया में चीन या यूरोपीय शक्तियों के इर्द-गिर्द घूमता था, वह अब भारत को अपना विश्वसनीय रणनीतिक केंद्र मान रहा है। यह बदलाव यूँ ही नहीं आया है, इसके पीछे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के बीच बनी व्यक्तिगत केमिस्ट्री और राजनीतिक विश्वास एक प्रमुख आधार है।

देखा जाये तो मोदीझ्मेलोनी समीकरण ने जिस सहजता और पारदर्शिता के साथ दोनों देशों को जोड़ दिया है, वह आज यूरोपीय मंचों पर चर्चा का विषय है।

# दुष्कर्म के आरोप में भारतीय मूल के ब्रिटिश नागरिक को जेल

**ब्रिटिश**

**केरल** के 47 वर्षीय स्वास्थ्यकर्मी को स्कॉटलैंड के एक देखभाल केंद्र में दुष्कर्म और यौन उत्पीड़न के अपराधों में दोषी पाए जाने के बाद सात साल और नौ महीने की कैद की सजा सुनाई गई है।

नैजिल पॉल ने सात साल पहले नॉर्थ लैनार्कशायर स्थित एक देखभाल केंद्र में प्रबंधक के पद पर रहते हुए एक सहकर्मी से दुष्कर्म करने और दो अन्य महिलाओं का यौन उत्पीड़न करने की बात कबूल की। पॉल पर 2018 में ये आरोप लगे थे और दिसंबर 2019 में मुकदमे की सुनवाई से ठीक पहले वह कोच्चि भाग गया था।

इस साल अक्टूबर में भारत से प्रत्यर्पण के बाद पॉल ने अपना जुर्म कबूल लिया और सोमवार को ग्लासगो उच्च न्यायालय ने उसे सजा सुनाई। अदालत ने कहा कि पॉल दुष्कर्म पीड़िता पर उसका कहा मानने के लिए दबाव डालता था और ऐसा न करने पर नौकरी से निकालने की धमकी देता था।

अदालत ने कहा कि अप्रैल 2018 में जब 26 वर्षीय पीड़िता बीमारी के बाद छुट्टी से लौटी, तो उसने अपनी एक वरिष्ठ सहकर्मी को बताया कि कर्ज उसके काम पर लौटने का एक महत्वपूर्ण कारण था।

हालांकि, अदालत ने दोष स्वीकार करने के कारण पॉल की सजा आठ साल से कुछ कम कर दी, लेकिन रिहाई के बाद उसे दो साल तक निगरानी में रखा जाएगा और उसका नाम आजीवन यौन अपराधियों की सूची में रहेगा।

पॉल को किसी भी पीड़िता के पास जाने से भी प्रतिबंधित कर दिया गया है।

# बेगुनाह नागरिकों को मारते हो...UN में तालिबान के समर्थन में खुलकर आया भारत, पाकिस्तान को बुरी तरह धो डाला

**अफगानिस्तान**

**भारत** ने अफगानिस्तान में किए गए हवाई हमलों की पाकिस्तान द्वारा कड़ी निंदा की है और इन हमलों को संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन बताया है। भारतीय राजदूत ने मानवीय प्रभावों का जिक्र करते हुए पहले से ही गंभीर संकटों से जूझ रहे इस क्षेत्र में नागरिकों की पूर्ण सुरक्षा का आग्रह किया। राजदूत ने कहा कि हम संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतरराष्ट्रीय कानून का पूर्ण सम्मान करने और विशेष रूप से निर्दोष नागरिकों की सुरक्षा पर ध्यान देने की अपील का समर्थन करते हैं। भारत ने पाकिस्तान द्वारा 'व्यापार और पारगमन आतंकवाद' की प्रथा पर भी गंभीर चिंता व्यक्त की, जिसमें अफगानिस्तान के लिए महत्वपूर्ण पहुंच मार्गों को बंद करना शामिल है। एक भू-आबद्ध देश होने के नाते, अफगानिस्तान आवश्यक आपूर्ति के लिए सीमा पार आवागमन पर बहुत अधिक निर्भर है। भारत ने कहा कि इस तरह के प्रतिबंध विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के मानदंडों का



उल्लंघन करते हैं और पुनर्निर्माण के लिए संघर्ष कर रहे एक कमजोर राष्ट्र के खिलाफ "खुली धमकियां और युद्ध के कृत्य" के समान हैं।

अफगानिस्तान के लिए समर्थन की पुष्टि

भारत ने अफगानिस्तान की संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और स्वतंत्रता के लिए अपने मजबूत समर्थन की पुष्टि की।

इसने तालिबान के साथ व्यावहारिक बातचीत का आग्रह किया और इस बात पर जोर दिया कि अंतरराष्ट्रीय नीति को केवल दंडात्मक उपायों पर निर्भर रहने के बजाय सकारात्मक कार्यों को प्रोत्साहित करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

# भारत ही एकमात्र देश नहीं... पुतिन से ये क्या बोल गए मुस्लिम देश के राष्ट्रपति

**इंडोनेशिया**

**इंडोनेशिया** मॉस्को में एक मजेदार सा पल देखने को मिला। रूस के राष्ट्रपति व्लादमीर पुतिन और इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोबो सुबियान्तो की मुलाकात चल रही थी। बातचीत ठीक-ठाक सी चल रही थी। तभी सुवियांतो ने पुतिन को अपने देश आने का खुला न्योता दे दिया और जिस अंदाज में कहा उसी पर सारी दुनिया मुस्कुरा रही है। दरअसल सुवियांतो पुतिन के साथ बैठक में बोले आपको इंडोनेशिया आने का न्योता देता हूं। जब भी आपको ठीक लगे 2026 या 27 में और भारत ही इकलौता देश नहीं होना चाहिए जहां आप यात्रा करें। इस



मजेदार अंदाज में जब सुबियांतो ने पुतिन से यह बात की पुतिन हंस पड़े और अब यह वीडियो बड़ा वायरल हो रहा है।

इससे पहले, पुतिन ने प्रबोवो से कहा कि मॉस्को दोनों देशों के बीच विकसित हो रहे सैन्य संबंधों से प्रसन्न है और परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में जकार्ता की मदद करने के लिए तैयार है। क्रेमलिन में प्रबोवो की मेजबानी करते हुए पुतिन ने कहा कि वह इस साल इंडोनेशिया को रूसी गेहूं के निर्यात की मात्रा में आई मामूली कमी के बारे में भी बात करना चाहते हैं।

इस साल रूस में दोनों की यह दूसरी मुलाकात थी, क्योंकि पुतिन दुनिया के चौथे सबसे अधिक आबादी वाले देश के नेता को लुभाने की कोशिश कर रहे हैं - यह वैश्विक दक्षिण के साथ मजबूत संबंध बनाने की रणनीति का हिस्सा है क्योंकि यूक्रेन में युद्ध के कारण उनकी अर्थव्यवस्था पश्चिमी प्रतिबंधों के अधीन है। रूस कई देशों में परमाणु ऊर्जा संयंत्र बना रहा है, और पुतिन ने प्रबोवो से कहा यदि आप हमारे विशेषज्ञों की सेवाएं लेना संभव समझते हैं, तो हम हमेशा आपकी सेवा में तत्पर हैं।

इंडोनेशिया ने कहा है कि वह 2032 तक 500 मेगावाट क्षमता वाला अपना पहला परमाणु ऊर्जा संयंत्र बनाना चाहता है, जिसका लक्ष्य अगले दशक में इसे चालू करना है। कृषि क्षेत्र में, पुतिन ने कहा कि इंडोनेशिया का रूस के साथ व्यापार अधिशेष मामूली है। उन्होंने कहा, ह्लहमें कोई शिकायत नहीं है; हम इस क्षेत्र में संबंधों को और विकसित करने के तरीके तलाशने के लिए तैयार हैं। उन्होंने आगे कहा कि मुझे लगता है कि आपके बाजार में गेहूं की आपूर्ति में थोड़ी कमी आई है। आज हमारी चर्चा का विषय यह भी होगा।

# सुरक्षा सुनिश्चित होने पर यूक्रेन कुछ ही महीनों में चुनाव करा सकता है

**यूक्रेन**

**यूक्रेन** के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि अधिकारी बुधवार को अमेरिकी वाताकारों को अपना नवीनतम शांति प्रस्ताव सौंप सकते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि यदि सहयोगी देश युद्धकाल में सुरक्षित मतदान की गारंटी दें और यदि यूक्रेन के चुनावी कानून में संशोधन किया जा सके तो यूक्रेन तीन महीने के भीतर चुनाव करा सकता है।

जेलेंस्की ने ये बात अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टिप्पणियों पर कही। दरअसल ट्रंप ने यूक्रेन के लोकतंत्र पर सवाल उठाया था और कहा था कि यूक्रेनी नेता चुनाव न कराने के लिए युद्ध का बहाना बना रहे है।

जेलेंस्की ने मंगलवार देर रात पत्रकारों से कहा कि वह चुनाव के लिए तैयार हैं, लेकिन मतदान के लिए सुरक्षा सुनिश्चित करने के वास्ते उन्हें अमेरिका और संभवतः यूरोप से मदद की आवश्यकता होगी।

उन्होंने कहा कि यदि माहौल सुरक्षित हो तो यूक्रेन 60 से 90 दिनों में मतदान कराने के लिए तैयार हो सकता है। उन्होंने कहा, ह्यह्यचुनाव कराने के लिए दो मुद्दों पर ध्यान देना आवश्यक है जिनमें पहला है सुरक्षा- चुनाव कैसे कराए जाएं।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

# इमरान खान स्टाइल की एंट्री, चुनाव की तारीखों के ऐलान से पहले शेख हसीना ने कैसे पलटा पूरा खेल

**बांग्लादेश**

**बांग्लादेश** की राजनीति से इस वक्त की एक बहुत बड़ी और बेहद अहम खबर सामने आ रही है। चुनाव की घोषणा से ठीक पहले पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी आवामी लीग को एक बड़ी राहत मिली है। हालांकि पार्टी पर पूरी तरह से बैन नहीं हटाया गया है। लेकिन सरकार के एक फैसले ने बांग्लादेश के आगामी चुनाव को और भी दिलचस्प बना दिया है। दरअसल बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने आवामी लीग के साफ छवि वाले नेताओं और कार्यकताओं को चुनाव लड़ने की इजाजत दे दी है। लेकिन यहां पर एक शर्त है। यह नेता चुनाव लड़ सकते हैं। लेकिन आवामी लीग के सिंबल पर नहीं। इन्हें निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर मैदान में उतरना होगा। यानी पार्टी पर बैन बरकरार है। ऐसा ही कुछ पाकिस्तान में कुछ साल पहले देखने को मिला था। जब जेल में भेजे जाने के बाद इमरान खान की पार्टी पीटीआई पर बैन लगाया गया था। वहीं इमरान के उम्मीदवार निर्दलीय जीत कर आए थे।

जुलाई 2024 के विद्रोह में शेख हसीना सरकार के पतन के एक साल बाद, बांग्लादेश सत्ता परिवर्तन के बाद अपने पहले चुनाव की मेजबानी करने के लिए पूरी तरह तैयार है। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, बांग्लादेश चुनाव आयोग गुरुवार को अगले राष्ट्रीय चुनावों की तारीख की घोषणा करेगा। रॉयटर्स ने चुनाव आयोग के वरिष्ठ सचिव अख्तर अहमद के हवाले से बताया कि बांग्लादेश चुनावों की तारीख की घोषणा मुख्य चुनाव आयुक्त एएमएम नासिर



उद्दीन द्वारा स्थानीय समयानुसार शाम 6 बजे राष्ट्रीय प्रसारण में की जाएगी। इसके साथ ही, अशांति के बाद तैयार की गई तथाकथित 'जुलाई चार्टर' नामक राज्य सुधार योजना को लागू करने के लिए उसी दिन एक राष्ट्रीय जनमत संग्रह होने की भी संभावना है। यह चार्टर कार्यपालिका शक्तियों पर अंकुश लगाने, न्यायपालिका और चुनाव प्राधिकरणों की स्वतंत्रता को मजबूत करने और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के दुरुपयोग को रोकने सहित राज्य संस्थाओं में व्यापक बदलावों का आह्वान करता है।

बांग्लादेश में 2026 में चुनाव?

अगस्त में बांग्लादेश चुनाव आयोग के प्रमुख एएमएम नासिर उद्दीन ने कहा था कि राष्ट्रीय चुनाव फरवरी 2026 के पहले सप्ताह में होंगे। चुनाव आयोग के प्रमुख ने आगे कहा कि मतदाताओं की व्यापक उदासीनता और चुनाव प्रणाली में अविश्वास को देखते हुए चुनाव कराना एक बड़ी चुनौती होगी। सरकारी समाचार एजेंसी बांग्लादेश संगबाद संगस्था (बीएसएस) के अनुसार, नासिर उद्दीन ने उत्तर-पश्चिमी रंगपुर जिले में एक कार्यक्रम में कहा, "लोगों का चुनाव प्रणाली, चुनाव आयोग और चुनावी प्रक्रिया में शामिल प्रशासनिक तंत्र पर से विश्वास खत्म हो गया है।

चुनाव में कौन-कौन उम्मीदवार होंगे?

पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की बांग्लादेश राष्ट्रवादी पार्टी को आगामी चुनावों में सबसे प्रबल दावेदार माना जा रहा है।

अंतरिम सरकार द्वारा प्रतिबंधों में ढील दिए जाने के बाद चुनावी राजनीति में वापसी करने वाली जमात-ए-इस्लामी पार्टी भी दावेदारों में शामिल है। बांग्लादेश की सबसे बड़ी इस्लामी पार्टी, जमात को 2013 के एक अदालती फैसले के बाद चुनाव लड़ने की अनुमति नहीं दी गई थी, जिसमें कहा गया था कि एक राजनीतिक दल के रूप में उसका पंजीकरण देश के धर्मनिरपेक्ष संविधान के विपरीत है।